उज्जैन
गुरुवार
09
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-155
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



धोखाधड़ी केस के बीच राज कुंद्रा ने तोड़ी चुप्पीः कहा- चुप रहा, ट्रोलिंग सही निष्पक्ष सच्चाई चाहता हूं, अदालत दोषी ठहराए तो सजा के लिए तैयार हूं

पेज- 8

## महिला आरक्षण संशोधन ड्राफ्ट को केंद्र की मंजूरी, यह भारत की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों की झलक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें इस संशोधन बिल को पारित किए जाने की संभावना है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा, और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।



## ईरान से 7 साल बाद कच्चा तेल खरीद रहा भारत

**तेहरान/नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच भारत ने 7 साल बाद ईरान से तेल खरीदना फिर शुरू किया है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, जया नाम का टैंकर ईरानी क्रूड लेकर भारत के पूर्वी तट की ओर आ रहा है। यह टैंकर पहले गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा था। लेकिन फिर यह चीन की तरफ मुड़ गया। तब बताया गया था कि पेमेंट दिक्कत की वजह से यह भारत न आकर चीन जा रहा है। तेल मंत्रालय ने उन रिपोर्ट्स को गलत बताया था। हालांकि अब यह फिर भारत की तरफ मुड़ गया है। फिलहाल इसकी लोकेशन मलेशिया के नजदीक है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह के आखिर में यह भारत के पूर्वी तट पर पहुंच जाएगा।

## आप में राघव चड्ढा बढ़ता कद लीडर को दिक्कत करता

**मोहाली।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच के विवाद में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की भी एंट्री हो गई। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा कि राघव चड्ढा को देश का एसेट बताया। शंकराचार्य ने कहा कि राघव चड्ढा के मामले में आम आदमी पार्टी अपना नुकसान कर रही है। शंकराचार्य ने कहा- राजनीतिक गणित अलग होता है। कई लोग तो कह रहे हैं कि उनका राजनीतिक कद बढ़ने लग गया था, जो आगे चलकर लीडर के लिए दिक्कत कर देता। राघव चड्ढा अब पार्टी के आधार पर नहीं बल्कि स्वयं में उनका कद बड़ा हो गया है।



## पुडुचेरी सीएम बाइक से वोट डालने पहुंचे, आज 296 सीटों पर मतदान

**गुवाहाटी।** देश के तीन राज्यों असम, केरलम और पुडुचेरी में आज विधानसभा चुनाव के लिए सिंगल फेज में वोटिंग चल रही है। कुल 296 सीटों पर मतदान हो रहा है। सुबह 9 बजे तक असम में 17.87%, केरलम में 16.23% और पुडुचेरी में 17.41% मतदान हुआ। पुडुचेरी के सीएम सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक मोटरसाइकिल से पहुंचे। यहां आने से पहले उन्होंने मंदिर में पूजा भी की। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने भी सुबह ही मतदान किया। असम के सीएम हिमंता ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की है। केरलम में 70 साल में पहली बार कोई सीएम हैट्रिक के लिए चुनाव लड़ रहा है। असम में बीजेपी हिमंता बिस्व सरमा के सहारे लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दांव खेल रही है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर फायरिंग

# उज्जैन से 2 गिरफ्तार

### आरोपियों को पनाह देने की भूमिका, खरगोन में 10 करोड़ रंगदारी केस में 18 पकड़े गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खरगोन जिले में व्यापारी दिलीप राठौड़ पर फायरिंग और 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने उज्जैन से बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिदपुर और घट्टिया क्षेत्र से आरोपियों को पकड़कर मामले में अब तक कुल 12 गिरफ्तारियां की हैं।

खरगोन पुलिस ने महिदपुर रोड स्थित गायत्री नगर निवासी विष्णु मालवीय और घट्टिया क्षेत्र के बिछड़ौद निवासी संदीप प्रजापति को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फरार आरोपी को पनाह देने और शूटर से मिलवाने में भूमिका निभाने का आरोप है।



■ **3 अप्रैल को पकड़े गए आरोपी से मिला सुराग-** इस मामले में पुलिस ने 3 अप्रैल को नागदा के रत्नाखेड़ी निवासी राजपाल को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद ही उज्जैन से अन्य आरोपियों तक पहुंच बनी। पुलिस जांच में सामने आया है कि विष्णु मालवीय ने फरारी के दौरान राजपाल को अपने घर में छिपाकर रखा था। वहीं अन्य आरोपियों ने शूटर से संपर्क कराने और वारदात में सहयोग किया।

■ **पिस्टल, कार और बुलेट जब्त-** पुलिस ने आरोपी राजपाल के पास से पिस्टल, एक कार और बुलेट बाइक जब्त की है। इनका उपयोग वारदात और फरारी में किया गया था।

**10 करोड़ की फिरौती के लिए फायरिंग**

व्यापारी दिलीप राठौड़ के घर पर गोलीबारी कर आरोपियों ने 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया था। पुलिस के अनुसार, मामले में शूटर, रेकी करने वाले, संसाधन उपलब्ध कराने वाले और गैंग से जुड़े कुल 18 आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

### राष्ट्रीय शोक का ऐलान, ईरान बोला- सीजफायर और जंग साथ नहीं चल सकते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

लेबनान में इजराइल के हमलों में एक ही दिन में 254 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1165 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि वे देश के सभी राजनीतिक और कूटनीतिक संसाधनों को जुटाकर इजराइली हमलों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री रकान नासेरद्दीन ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। बड़ी संख्या में घायलों के इलाज से स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव है। इस बीच सीजफायर को लेकर विवाद गहरा गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लेबनान इस समझौते में शामिल नहीं है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, हमने ऐसा कोई वादा नहीं किया था। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका को तय करना होगा कि वह सीजफायर लागू करता है या इजराइल के जरिए जंग जारी रखता है, क्योंकि दोनों साथ नहीं चल सकते।

## कांस्टेबल रेवती की गवाही से 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के सथानकुलम में पिता-बेटे की कस्टोडियल मौत मामले में 6 साल बाद 6 अप्रैल को मदुरै कोर्ट ने 9 पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया और उन्हें फांसी की सजा सुनाई। इस पूरे मामले में हेड कांस्टेबल रेवती (43) का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

पुलिस हिरासत में पिता-बेटे की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मामले को दबाने की कोशिशें भी हुईं, कांस्टेबल लेकिन रेवती की गवाही ने सच सामने ला दिया। रेवती दो बेटियों की मां है। उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट से कहा कि वह पूरा सच बताएंगी, लेकिन अपने बच्चों और नौकरी की सुरक्षा की गारंटी चाहती हैं। रेवती की बहादुरी और सच्चाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इस केस को मुकाम तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कोर्ट में मिनट-दर-मिनट घटनाक्रम बताया, जिससे यह साबित हुआ कि थाने में क्या हुआ और कौन जिम्मेदार था।

## गोरखपुर में 9वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप

### अलग-अलग होटलों में 10 लोगों ने की हैवानियत, 4 महीने पहले हुई थी लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गोरखपुर

गोरखपुर में 9वीं की छात्रा के साथ 10 लोगों ने रेप किया। एक नवंबर को सुबह 9 बजे छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वह नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर पर ढूंढा। फिर 7 नवंबर को थाने में गुमशुदी दर्ज कराई।

पुलिस ने केस दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की। 23 मार्च को छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ में छात्रा ने बताया कि एक युवक के बहकावे में वो चली गई थी। इसके बाद उसके साथ कई होटलों में अलग-अलग दिन 10 लोगों ने रेप किया। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई।

कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने छात्रा को भगाने के आरोपी एक युवक को पकड़ा। इसके बाद होटल संचालक सहित 10 लोगों को हिरासत में लिया।



बुधवार को 4 आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। घटना चौरीचौरा थाना क्षेत्र की है।

चौरीचौरा इलाके की रहने वाली 14 साल की छात्रा कक्षा 9 में पढ़ती है। छात्रा के पिता गुजरात में मजदूरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक, एक नवंबर 2025 को वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। आरोप है कि युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

शाम तक छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान हो गए। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन थाने पहुंचकर 7 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। काफी समय तक तलाश के बाद 23 मार्च को पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया।

इसके बाद पुलिस ने छात्रा की कॉल डिटेल खंगाली तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। जांच में पता चला कि उसे कई होटलों में ले जाया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### मंत्रिमंडलीय समिति की मंत्रालय में हुई पांचवी बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

# सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य 2027 की दीपावली तक पूरे होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य वर्ष 2027 की दीपावली तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। सिंहस्थ के सफल संचालन, विकास कार्यों की निगरानी और समीक्षा तथा सूचना शिक्षा-संचार गतिविधियों के लिए जितने अधिकारियों-कर्मचारियों की आवश्यकता है उनकी संबंधित विभागों में तत्काल पूर्ति की जाए। सिंहस्थ के सफल संचालन के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न दायित्वों के लिए सघन प्रशिक्षण की व्यवस्था आरंभ की जाए।



अधोसंरचना से संबंधित सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सिंहस्थ 2028 के आयोजन के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की मंगलवार को मंत्रालय में हुई पांचवी बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रिमंडलीय समिति की आगामी बैठक उज्जैन में की जाए। मंत्रिमंडलीय समिति ने 2 हजार 923 करोड़ 84 लाख रुपये राशि के 22 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की। उज्जैन के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं का विकासः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ के लिए हो रहे कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट आवश्यक रूप से कराया जाए। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले भवनों का निर्माण इस प्रकार किया जाए, ताकि वे सिंहस्थ के बाद होने वाले वार्षिक आयोजनों के लिए भी उपयोगी हों। इसी प्रकार सड़कों का निर्माण इस प्रकार किया जाए जिससे महाकाल लोक के अतिरिक्त उज्जैन के अन्य प्रमुख तीर्थों तक आवागमन अधिक सुगम हो सके। उन्होंने कहा कि दूरदराज से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से उज्जैन के 100 किमी रेडियस में होम स्टे, पार्किंग, जन सुविधाएं विकसित करने को प्राथमिकता दी जाए। सिंहस्थ के समस्त प्रबंधन में स्थानीय संस्थाओं के सहयोग और जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया जाए।

### इन निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में गुदरी चौराहे से पान दरीबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सडक निर्माण, बम्बई वाले की धर्मशाला से दानी गेट चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, देवास रोड से नानाखेड़ा तक एमआर 2 मार्ग का उन्नयन करण, शिंदे नर्सिंग होम से नीलगंगा मुख्य मार्ग चौड़ीकरण, गौतम मार्ग से तिलकेश्वर मार्ग चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सडक निर्माण, चौबीस खम्बा माता मंदिर से छोटा रूद्र सागर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, बदनावर देवास एनएचएआई रोड से सिकंदरी, दाउदखेड़ी तक मार्ग निर्माण, क्षिप्रा नदी के पूर्वी भाग पर सड़क निर्माण, अंकपात चौराहा से खाकचौक चौराहा होते हुए मंगलनाथ तक मार्ग चौड़ीकरण, गदा पुलिया से रविशंकर नगर नरसिंह घाट तिराहे तक चौड़ीकरण, महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए कमरी मार्ग चौराहा तक चौड़ीकरण एवं सीमेंट कंक्रीट सडक निर्माण तथा शनि मंदिर से मेठिया मार्ग पर नवीन पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई।

## खबर एक नजर...

### पारिवारिक विवाद में भाई की बाइक में लगाई आग

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित आयशर शोरूम क`सामने रहने वाले कन्हैयालाल पिता प्रेमनारायण प्रजापत और उसके भाई हेमंत प्रजापत के बीच पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हो गया था। रात में डेढ़ बजे के लगभग हेमंत ने घर के बाहर खड़ी भाई कन्हैयालाल की बाईक में आग लगा दी। भाई की बाइक के पास ड्रायवर की बाइक भी खड़ी थी, वह भी आग की चपेट में आ गई। बाइक में आग लगने की जानकारी कन्हैयालाल को लगी तो उसने बाहर आकर दोनों जलती बाइक को बुझाने के लिये पानी डाला, लेकिन दोनों बाइक काफी ज्यादा जल चुकी थी। रात में कन्हैयालाल ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस से की। पुलिस ने मामले में हेमंत के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक रोक 2 बदमाशों ने क्लीनर का पत्थर से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** गरोठ रोड ब्रिज टर्न आगररोड पर रात में बाइक सवार 2 बदमाशों ने ट्रक चालक इमरान पिता मोहम्मद इस्लाम अंसारी निवासी यादव कालोनी को रोक लिया। ट्रक में बैठा इमरान का भाई रेहान अंसारी दोनों से ट्रक रोकने का कारण पूछने नीचे उतारा तो दोनों बदमाशों ने पत्थर से सिर पर हमला कर दिया और भाग निकले। सिर में चोंट लगने पर रेहान गिर पड़ा। भाई इमरान उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने इमरान की शिकायत पर हमला करने वाले बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बदमाशों के नाम सचिन और रोहित होना सामने आया है। जिनकी तलाश की जा रही है।

### आगर से लाया था गांजा, गिरफ्त में आया युवक

**उज्जैन।** अवैध मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान में आगर से बेचने के लिये गांजा लेकर आये युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 2 किलो गांजा जप्त किया गया। पंवासा थाना एसआई नितेश मिठौरे ने बताया कि मंगलवार रात सूचना मिली थी कि ग्राम खजूरिया कुमावत के मोड़ पर एक युवक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आया है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के निर्देशन में प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, आरक्षक बुजेंद्र भारती और अमर के साथ मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देख युवक ने बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया, टीम ने पीछा कर उसे पकड़ा और बाइक पर टंगा बेग बरामद कर तलाशी ली। जिसमें 2 किलो गांजा भरा होना पाया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम हेमंत पिता मदनलाल कुमावत निवासी ग्राम खजूरिया कुमावत बताया। गांजा मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया और एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। उसका कहना कि गांजा आगर से लेकर आया है। एसआई मिठौरे के अनुसार आरोपित युवक को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### नागदा के पास हादसे में 12 साल के बालक की मौत

**उज्जैन।** नागदा-उन्हेल मार्ग के बीच मंगलवार-बुधवार रात नीलगाय से टकराने के बाद पलटी कार में सवार 12 साल के बालक की मौत हो गई। 3 युवक गंभीर घायल हुए है। नागदा के बोरखेड़ा पिपलिया में रहने वाला परिवार रिश्तेदारी में शादी होने पर कार से उन्हेल के ग्राम सुरजाखेड़ी आया था। वापस लौटते समय रात 1 बजे के लगभग उनकी कार उन्हेल-नागदा के बीच ग्राम बलड़ा मोड पर अचानक कार के सामने नीलगाय आ गई। टकराने पर चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी खाकर सड़क किनारे जा गिरी। हादसे के बाद कुछ लोगों द्वारा कार में सवार चार घायलों की सूचना उनसे पूछताछ कर परिजनों को दी। चारों घायलों को महिदपुर अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर उज्जैन रैफर किया गया। यहां पहुंचने पर सामने आया कि घायलों में शामिल 12 साल के विकास पिता बाबूलाल की मौत हो चुकी है। माखन, संजू और अरूण की हालत भी नाजुक है। परिवार तीनों घायलों को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गया।


### सिलेबस के बाहर से दिया था प्रश्न, सभी विद्यार्थियों को मिलेगा एक-एक अंक

# सम्राट विक्रमादित्य विवि में प्रश्नपत्र सेट करने वाला ब्लैकलिस्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित बीकॉम, बीसीए तृतीय वर्ष के फाउंडेशन पेपर में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोषी पेपरसेटर के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया है। विश्वविद्यालय ने विवादित प्रश्न के एवज में सभी विद्यार्थियों को एक-एक अंक देने का भी निर्णय लिया है। समिति की जांच में यह भी सामने आया है कि विवादित प्रश्न पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था।

दरअसल, 5 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में प्रश्न पूछा गया था कि अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं है। इस वाक्य पर


45. अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं
(a) सोमेश्वर
(b) ख़ुदा
(c) शक्तिवान
(d) दण्ड देने वाला

चार विकल्प दिए गए थे, जिनमें 1. सोमेश्वर, 2. खुदा, 3. शक्तिवान, 4. दंड देने वाला जैसे विकल्प शामिल थे। प्रश्नपत्र सामने आते ही हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताते हुए प्रश्नपत्र तैयार करने वाले पर कार्रवाई की मांग की थी। विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने समिति बनाकर जल्द निर्णय लेने की बात कही थी।

बुधवार को दिनभर चली गहमागहमी के बीच दोपहर में परीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में डॉ. अंजना पांडेय, प्रोफेसर जगदीश शर्मा और प्रोफेसर शशि जोशी ने करीब एक घंटे चर्चा के बाद पेपरसेटर को ब्लैकलिस्ट करने का फैसला लिया।

**अल्लाह वाला सवाल पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था-** कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा समिति ने प्रश्नपत्र (कोड- के-1041 एबी) के भाषा एवं संस्कृति खंड का सूक्ष्म परीक्षण किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि विवादित प्रश्न आधिकारिक पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था। यह प्रश्न पूरी तरह पेपरसेटर द्वारा अपने स्तर पर जोड़ा गया था, जो नियमों का उल्लंघन है।

#### विवादित प्रश्न को मूल्यांकन प्रक्रिया से हटाया

- डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि परीक्षा समिति की अनुशंसा को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि संबंधित पेपरसेटर को भविष्य के लिए विश्वविद्यालय के सभी कार्यों से प्रतिबंधित करने हेतु शोकॉज नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।
- छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विवादित प्रश्न को मूल्यांकन प्रक्रिया से हटा दिया गया है। अब विद्यार्थियों का कुल मूल्यांकन उक्त प्रश्न के एवज में 1 अंक अतिरिक्त जोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा, ताकि परीक्षार्थियों के परिणामों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मामले में गठित परीक्षा समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पेपरसेटर के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्रवाई निर्धारित की गई है। कुलसचिव डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक गरिमा और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पाठ्यक्रम से बाहर जाकर और सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में पेपरसेटर को ब्लैकलिस्ट करने की कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# किसानों की फसल खरीदने और एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता






**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कांग्रेस पार्टी ने संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय के बाहर किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में, प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली निकालकर विरोध जताने पहुंचे। स्विमिंग पूल चौराहा (देवास रोड) से शुरू हुई रैली में महेश परमार, दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, सुरेंद्र मरमट, रवि राय सहित कई नेता शामिल हुए। यहां से रैली कोठी रोड होते हुए संकुल भवन पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इस दौरान विधायक अपने ऊपर स्लोगन लिखकर पहुंचे, जिनमें किसानों की फसल खरीदी और दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग प्रमुख रही। विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि फसल खरीदी को लेकर किसानों को बार-बार तारीख दी जा रही है और उन्हें मंडी में गेहूं 2018 रुपये प्रति क्विंटल पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। प्रदर्शन में शहर और प्रदेश किसान कांग्रेस के पदाधिकारी-धर्मेंद्र जी, प्रभारी चंद्र भाई सहित जिलेभर के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने किसानों के समर्थन में आवाज उठाई।

# केरला स्टोरी-2 और साउथ इंडियन फिल्म की एक्ट्रेस महाकाल पहुंची



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बुधवार सुबह प्रसिद्ध टीवी और फिल्म अभिनेत्री उल्का गुप्ता, गुजराती सिंगर किंजल दवे, साउथ फिल्म एक्ट्रेस मोनल गज्जर और पूर्व क्रिकेटर सुनील जोशी महाकाल मंदिर पहुंचे। सभी ने तड़के भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

सभी श्रद्धालु सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हॉल में बैठकर करीब 2 घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहे। इस दौरान वे भगवान महाकाल का जाप करते नजर आए। नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना भी कही। आरती के बाद सभी ने भगवान महाकाल के दर्शन कर जल अर्पित किया और मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान भी किया गया। उल्का गुप्ता ने कहा कि महाकाल के दर्शन कर वह खुद को धन्य महसूस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के अंदर का माहौल इतना दिव्य था कि दो घंटे कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला।

# वेदविद्या प्रतिष्ठान के सचिव की नियुक्ति पर हाईकोर्ट का नोटिस

### छड़ी से छात्र को पीटने के बाद फिर सुर्खियों में प्रतिष्ठान, जवाब के लिए 6 सप्ताह का समय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में छड़ी से छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रतिष्ठान के सचिव विरूपाक्ष जड्डीपाल की नियुक्ति को लेकर इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर बेंच ने अहम आदेश जारी करते हुए महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, सचिव विरूपाक्ष जड्डीपाल सहित अन्य के खिलाफ नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब मांगा है।

उच्च न्यायालय ने वेद शिक्षक स्वप्निल पाठक द्वारा दायर रिट याचिका में सचिव जड्डीपाल की नियुक्ति को अवैध बताया है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब तलब किया है। एडवोकेट गार्गी पाठक ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी।




याचिका में विरूपाक्ष जड्डीपाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। उनके अनुसार वर्ष 2017 में जड्डीपाल की नियुक्ति उज्जैन के सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान में सचिव पद पर हुई थी। हमने आरटीआई के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन और सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान से नियम और आरआर की प्रतियां मांगीं, लेकिन दोनों जगह से कॉपी नहीं मिली। इसके बाद किए गए शोध में पता चला कि सचिव पद पर जड्डीपाल की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है और उन्हें नियम विरुद्ध पद पर रखा गया है। गार्गी पाठक ने बताया कि सचिव पद की नियुक्ति के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर होना जरूरी है, जबकि उनकी नियुक्ति उस समय हुई जब वे 2017 में तिरुपति स्थित राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठम नामक डीम्ड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। उनका डेप्युटेशन पीरियड 2022 में समाप्त हो गया था, इसके बाद भी मंत्रालय से डेप्युटेशन एक्सटेंशन नहीं हुआ, फिर भी वे 2026 तक सचिव पद पर बने हुए हैं। यह सेक्रेटरी पोस्ट ए ग्रेड की पब्लिक ऑफिसर की पोस्ट है, जिस पर नॉन पब्लिक ऑफिसर को बैठा दिया गया है।

#### बिना पूर्व स्वीकृति के पद पर जमे रहे

याचिकाकर्ता स्वप्निल पाठक ने बताया कि वर्ष 2022 में प्रारंभिक प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद भी डॉ. जड्डीपाल को उनके मूल संगठन वापस नहीं भेजा गया और वे बिना पूर्व स्वीकृति के पद पर अवैध रूप से बने रहे। बाद में 15 जून 2023 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने प्रतिष्ठान के ज्ञापन के नियम 19 के शब्दों में कथित हेरफेर कर 10 जुलाई 2024 को उनकी प्रतिनियुक्ति को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया। भारत सरकार के नियमों में प्रतिनियुक्ति को 7 वर्ष से अधिक बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है, जिससे यह विस्तार अवैध हो जाता है। प्रतिष्ठान के ज्ञापन के नियम 19 में 10 वर्षों की प्रतिनियुक्ति का कोई उल्लेख नहीं है।

#### भर्ती और प्रशासनिक अनियमितताओं के गंभीर आरोप

याचिका में आरोप लगाया गया है कि डॉ. जड्डीपाल प्रतिष्ठान के सचिव के रूप में अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और संस्थान के उद्देश्यों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में भारी भर्ती अनियमितताएं, प्रशासनिक धोखाधड़ी और वैदिक विद्वानों तथा वेद पाठशालाओं का उत्पीड़न हुआ है, जो जन नीति के विरुद्ध बताया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि पूर्णतः अपात्र होने के कारण वे इस पद पर बने रहने के अयोग्य हैं और उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। इसी को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है।

उज्जैन
गुरुवार
09
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

ज्ञातिभिर्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।
दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।
अर्थः ज्ञान का रत्न (ज्ञान) एक महान धन है, जिसे विभाजित नहीं किया जा सकता है, जिसे चोर चोरी नहीं कर सकता, और जिसे देने से कम नहीं होता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** राऊ क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। सुबह करीब 8:23 बजे स्कूल प्रबंधन को यह मेल मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, साथ ही बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। टीम ने स्कूल के हर हिस्से की बारीकी से जांच की, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि ईमेल में ड्रोन के जरिए स्कूल को उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिससे प्रबंधन और अभिभावकों में दहशत फैल गई। हालांकि, जांच के दौरान अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, यह धमकी भरा मेल सीमा नाम से भेजा गया है। साइबर टीम ईमेल आईडी के आधार पर जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मेल कहां से भेजा गया। स्कूल प्रशासन की ओर से आशा नायर ने इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी थी। वहीं एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शुरूआती जांच में यह मेल अफवाह प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### इंदौर में सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को बना चालान

**इंदौर।** हीरानगर थाना पुलिस ने सोमवार देर रात एमआर-10 चौराहे पर हरियाणा नंबर की कार में सवार सुप्रीम कोर्ट के दो वकीलों और उनके साथियों को रोका। जांच में सभी के शराब के नशे में होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर चालानी कार्रवाई की। थाना प्रभारी सुशील पटेल अपनी टीम के साथ एमआर-10 रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हरियाणा नंबर की कार को रोका गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के दो वकील अपने साथियों के साथ इंदौर आए थे। पुलिस के अनुसार वाहन सवार लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने कार छोड़ने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया। उन्होंने अपने वकील होने का परिचय भी दिया, लेकिन पुलिस ने नियमों का हवाला देते हुए वाहन छोड़ने से इनकार कर दिया। ड्रिंक एंड ड्राइव में की गई कार्रवाई टीआई सुशील पटेल ने वकीलों से ड्राइवर बुलाने को कहा, लेकिन शराब की मात्रा अधिक होने के कारण वाहन नहीं छोड़ा गया। इसके बाद सभी लोग टैक्सी से होटल चले गए। अगले दिन चालान भरकर छुड़वाई गाड़ी मंगलवार को संबंधित वकीलों ने इंदौर के एक वकील की मदद से ड्रिंक एंड ड्राइव का चालान भरकर अपनी कार छुड़वाई।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की इंदौर-गोवा फ्लाइट बंद

**इंदौर।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से गोवा के बीच संचालित होने वाली अपनी नियमित उड़ान को बंद कर दिया है। इससे गोवा जाने वाले यात्रियों के लिए एक प्रमुख और सुविधाजनक विकल्प खत्म हो गया है। अब यात्रियों के पास सिर्फ इंडिगो की एक नियमित फ्लाइट और एक रविवार को चलने वाली फ्लाइट का ही विकल्प बचे हैं। ऐसे में सीधी उड़ान के विकल्प कम होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया के मुताबिक फ्लाइट सुबह 10:55 बजे इंदौर से गोवा जाती थी, दोपहर 12:30 बजे गोवा पहुंचती थी। वापसी में 1:05 बजे गोवा से उड़ान भरकर 2:30 बजे इंदौर आती थी। गोवा फ्लाइट बंद करने के साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बेंगलुरु के लिए नई उड़ान शुरू की है। यह फ्लाइट शाम 4:25 बजे बेंगलुरु से इंदौर आएगी और शाम 5 बजे वापस बेंगलुरु रवाना होगी। ट्रैवल एक्सपर्ट्स का कहना है कि बेंगलुरु के लिए पहले से कई फ्लाइट्स उपलब्ध हैं, जबकि गोवा के लिए विकल्प बेहद कम थे।

### कांग्रेस पार्षद बोलीं- इस्लाम में वंदे मातरम् गाना मना, एफआईआर कराएगी भाजपा

# हम किसी के बाप की नहीं सुनते : फौजिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में बुधवार को बजट चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल ने वंदे मातरम् गाने से इनकार कर दिया। सभापति के निर्देश पर फौजिया ने कहा कि उन्हें वह एक्ट दिखाया जाए, जिसमें वंदे मातरम् गाना अनिवार्य बताया गया है।

इससे भाजपा पार्षद भड़क गए। स्थिति संभालने के लिए सभापति मुन्नालाल यादव ने फौजिया को सदन से बाहर जाने के निर्देश दिए। इधर, पार्षद रुबीना इकबाल ने सदन की कार्रवाई समाप्त होने के बाद मीडिया से चर्चा में कहा- दादागीरी तो हम किसी के बाप की नहीं सुनते।

भाजपा पार्षदों का कहना है कि इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसे लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सभापति मुन्नालाल यादव से चर्चा कर जल्द निर्णय लिया जाएगा।



**रुबीना इकबाल बोलीं- वंदे मातरम् इस्लाम में मना है-** कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल से सवाल किया तो उन्होंने कहा- एक इंसान को बोलो कि ये खा ले और एक को बोलो कि ये निगल ले दोनों बातों में कितना फर्क है। वो हमसे कह रहे हैं कि यहां रहना होगा तो वंदे मातरम् कहना होगा। दादागीरी तो हम किसी के बाप की नहीं सुनते। हम दादागीरी से किसी की बात किसलिए सुनेंगे? रूबीना ने कहा- हम जन गण मन, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा गाते हैं। सभी गाते हैं। हमारे इस्लाम में वंदे मातरम् बोलना मना है। मना है तो मना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश को हमने सम्मान कब नहीं दिया? मुझे इनकी दोगली नीतियों से नफरत है।

### अल्लाह के सिवाय इबादत के लायक कोई नहीं

रुबीना ने कहा- मुसलमानों की छोटी-छोटी दुकानें तोड़ देते हैं। मुसलमानों से सामान नहीं लेना है। मेले में दुकानें नहीं लगाने देंगे। मेरा इनसे सवाल है कि तुम ईरान से तेल क्यों ले रहे हो, जब नाक लगाओ तो पूरी नाक लगाओ। तेल भी मत लो, गैस भी मत लो, तेल के कुएं हिंदुस्तान में खोदो। हम राष्ट्र के खिलाफ नहीं जा रहे हैं, सरेआम गा सकते हैं सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा लेकिन जो हमारे कुरान में मना है, वह हम नहीं करेंगे। कुरान में ये है कि एक अल्लाह के सिवाय इबादत के लायक कोई नहीं है। वंदे मतलब इबादत करना, मातरम् मतलब मां की। जब हम एक अल्लाह की इबादत करते हैं तो माता की इबादत क्यों करें? हम अपनी सगी मां की इबादत नहीं करते हैं, क्योंकि ये हम पर हुकुम है।

### भाड़ में जाए कांग्रेस, ओवैसी की पार्टी में जाएंगे

रुबीना ने कहा- भाड़ में जाए कांग्रेस पार्टी। उन्हें लगता है कि मुसलमान वोट लेने के लिए हैं। ऐसे मुद्दे आते हैं तो अपना पल्ला झाड़ लेती है।
कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को जानकारी देने के सवाल पर रुबीना बोलीं- हमने कांग्रेस से कोई अनुबंध नहीं लिख रखा है कि हम कांग्रेस में ही रहेंगे जिंदगीभर। शिकायत होती है देखते हैं। हमें निकालते हैं तो निकाल दें। हम तो यूं भी निर्दलीय जीतते हैं। हम ओवैसी की पार्टी में चले जाएंगे।

### बीजेपी ने कहा- पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाओ

भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा- वंदे मातरम् सबसे पहले स्वतंत्रता पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में गाया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भी वंदे मातरम् गाते थे। अशफाकउल्ला खां वंदे मातरम् गाते-गाते फांसी के फंदे पर झूल गए।

# एक साल के बच्चे के गले में फंसी जिंदा मछली

## इंदौर में खेल-खेल में निगल गया, डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाली 3 इंच की मछली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एक साल के बच्चे के साथ हैरान करने वाला मामला सामने आया। खेल-खेल में एक छोटी जिंदा मछली उसके मुंह में चली गई, जो गले के पिछले हिस्से में जाकर फंस गई। इसके बाद बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और उसकी हालत गंभीर हो गई।

परिजन उसे तुरंत महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवाय) लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए तुरंत इमरजेंसी उपचार शुरू किया। ईएनटी विभाग की टीम ने ऑपरेशन कर करीब 3 इंच की मछली को बाहर निकाला। समय पर इलाज



मिलने से बच्चे की सांस सामान्य हो गई।

**डॉक्टर बोले- जोखिमभरा था ऑपरेशन-** डॉक्टरों के अनुसार, सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मछली जिंदा थी। उसके गलफड़ों और पंखों की हलचल से बच्चे के स्वर-यंत्र और भोजन नली को नुकसान पहुंचने का खतरा था। ऐसे में ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा था और जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती थी।

**परिजन बोले- लगा सांस नहीं ले पाएगा-** परिजनों के मुताबिक, बच्चे की हालत देखकर वे घबरा गए थे। उसे सांस लेने में कठिनाई, घबराहट और मुंह से खून आने जैसी समस्याएं हो रही थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें लगा था कि बच्चा सांस नहीं ले पाएगा, लेकिन डॉक्टरों ने समय पर इलाज कर उसकी जान बचा ली।

**डॉक्टर बोलीं-मामला बेहद दुर्लभ, चुनौतीपूर्ण-** ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया कि यह मामला बेहद दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण था। इतनी कम उम्र में इस तरह का केस मध्य भारत में पहले देखने को नहीं मिला है। विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे बच्चों में इस तरह की घटनाएं बेहद खतरनाक हो सकती हैं, क्योंकि उनकी सांस की नली संकरी होती है।

# एसआई ने कहा-मैंने रुपए नहीं मांगे, वहां एडीसीपी-टीआई भी थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजेंद्र नगर थाने के सब इंस्पेक्टर मनोहर लाल को डीसीपी ने सस्पेंड कर दिया है। एक युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर उन पर एक्सीडेंट के बाद 50 हजार रुपए मांगने और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए थे।

अब इस मामले में एसआई मनोहर लाल ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उनका कहना है कि मेरी कोई गलती नहीं है। घटना के समय मैं नाइट ड्यूटी पर था। मौके पर एडिशनल डीसीपी और टीआई भी मौजूद थे। घटना के बाद अभिषेक पाटिल मामले में समझौता कराने की बात कर रहा था। मैंने इससे इनकार कर दिया और उसे सीधे शिकायतकर्ता से बात करने के लिए कहा था। अभिषेक पाटिल पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने भाई सुधीर के साथ लूट के मामले में द्वारकापुरी पुलिस द्वारा पहले भी पकड़ा जा चुका है। वह नशे का आदी था। एसआई मनोहर लाल ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई दी है।


### धार भोजशाला विवाद- इंदौर हाईकोर्ट में लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# हिंदू पक्ष ने रखे तर्क, कहा- मस्जिद पक्ष के शपथ पत्र में ही मंदिर होने के प्रमाण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मामले में याचिकाकर्ता हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के वकील विष्णु शंकर जैन ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के समक्ष बुधवार को लगातार तीसरे दिन अपने तर्क रखे। उन्होंने कहा कि मौला कमालुद्दीन सोसायटी की ओर से प्रस्तुत मस्जिद पक्ष के शपथ पत्र में खुद ही भोजशाला के मंदिर होने के प्रमाण हैं।

समिति ने शपथ पत्र में जिन पुस्तकों का उल्लेख किया है, वे बता रही हैं कि 14वीं शताब्दी से पहले मस्जिद का कोई अस्तित्व नहीं था, जबकि भोजशाला का निर्माण 1034 में ही हो चुका था। मस्जिद निर्माण में मंदिर से निकली सामग्री का उपयोग किया गया था, जबकि इस्लामिक



कानून के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता।

**मंदिर होना वैज्ञानिक सर्वे और तथ्यों पर आधारित-** एडवोकेट जैन ने तर्क दिया कि इस्लाम में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना या टूटे हुए मंदिर की सामग्री का उपयोग करना वर्जित है। भोजशाला के मंदिर होने की बात आस्था या विश्वास के आधार पर नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सर्वे और तथ्यों के आधार पर कही जा रही है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने याचिका के साथ जो फोटोग्राफ प्रस्तुत किए हैं, वे स्पष्ट बता रहे हैं कि भोजशाला मंदिर ही है। मौला कमालुद्दीन सोसायटी ने अपने शपथ पत्र में इन फोटोग्राफ को लेकर कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराई है।

**मंदिर का अस्तित्व बहुत पहले से है-** एडवोकेट जैन ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि पूजा स्थल अधिनियम के प्रविधानों के अनुसार एक धर्म के धार्मिक स्थल को किसी दूसरे धर्म के धार्मिक स्थल में परिवर्तित नहीं किया जा सकता। चूंकि भोजशाला मंदिर है और इसका अस्तित्व मस्जिद से बहुत पहले से है, इसलिए अधिनियम के प्रविधानों के अंतर्गत इसके धार्मिक स्वरूप को बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मूल स्वरूप में तोड़फोड़ से धार्मिक स्थल के वैधानिक अधिकार में कोई फर्क नहीं पड़ता। इस मामले में गुरुवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

एडवोकेट जैन ने कहा कि मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद देवता प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से हमेशा वहां उपस्थित रहते हैं। आक्रांता भले ही उन्हें हटा दें, लेकिन इससे उनकी स्थिति पर कोई फर्क नहीं पड़ता। ऐसे घटनाक्रमों से कुछ समय के लिए ग्रहण जरूर लग सकता है, लेकिन अधिकार खत्म नहीं हो जाते। मौला कमालुद्दीन सोसायटी के शपथ पत्र से स्पष्ट है कि धार में आक्रांताओं का हमला हुआ था।


1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
LUXURY VILLA
Managed By
BW | Best Western
Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767


घर में जहरीले जीवों को
दूर भगाने वाले पौधे
तुलसी
मच्छर / कीडे
सर्पगंधा
सांप
मेंदा
सांप / कीडे
लैवेंडर
मच्छर / पतंगे
पुदीना
चुहा / चीटिया
dakshnursery
लेमन ग्रास
मच्छर
रोजमेरी
मच्छर / मक्खी
नीम
कीडे / मच्छर
लहसुन
सांप / कीडे
अजवायन
चीटियां / कीडे

## प्रातः काल मंत्र

कराग्रे वसते लक्ष्मी,
करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दः,
प्रभाते कर दर्शनम् ।।

इस मंत्र को दोनों हाथों को देखते हुए बोलें।

Anilkhigwan

## धरती प्रणाम मंत्र

समुद्र वसने देवी,
पर्वत स्तन मंडले।
विष्णु पत्नि नमस्तुभ्यं
पादस्पर्श क्षमस्व मे ।।

इस मंत्र को पढने के बाद धरती को प्रणाम कर पैर रखें।

Anilkhigwan

## सूर्य नमन मंत्र

आदिदेव नमस्तुभ्यं
प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं
प्रभाकर नमोऽस्तुते ।।

इस मंत्र से भगवान सूर्य का नमन करने से घर में धन की वृद्धि होती है।

Anilkhigwan

## रोग नाशक मंत्र

अच्युतानंदगोविंद
नामोच्चारण भेषजात्।
नश्यन्ति सकला रोगाः
सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ।।

इस मंत्र के जाप से रोगों का नाश हो जाता है।

Anilkhigwan

## गृह शांति मंत्र

या देवी सर्व भूतेषु
शांति रूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नमः ।।

इस मंत्र के जाप से घर में सदैव शांति रहती है। कलह समाप्त होता है।

Anilkhigwan

## आपदानाशक मंत्र

आपदामपहर्तारं,
दातारं सर्व सम्पदाम् ।
लोकाभिरामं श्रीराम,
भूयो भूयो नमाम्यहम् ।।

इस मंत्र के पाठ से भगवान श्रीराम आपत्तियों का नाश करते हैं और धन सम्पदा देते हैं।

Anilkhigwan

## भोजन मंत्र

ब्रह्मार्पण ब्रह्म हविः
ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं,
ब्रह्म कर्म समाधिना ।।

भोजन से पहले इस मंत्र का पाठ हमारी बुद्धि और तेज को बढ़ाता है।

Anilkhigwan

Anilkhigwan

## दीप मंत्र

दीप ज्योतिः पर ब्रह्म,
दीप ज्योतिजनार्दनः ।
दीपो हरतु मे पापं,
दीप ज्योतिर्नमोऽस्तुते ।।

दीप जलाकर इस मंत्र का पाठ हमारे पापों का नाश करता है।

Anilkhigwan

## महामंत्र

कृष्णाय वासुदेवाय
हरये परमात्मने।
प्रणतक्लेशनाशाय
गोविंदाय नमो नमः ।।

रात्रि में सोने से पहले इस मंत्र को पढ़ने से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से सारे क्लेशों (दुखों) का नाश होता है।

Anilkhigwan

## बाधा नाशक मंत्र

सर्व बाधा प्रशमनं,
त्रैलोक्यस्याऽखिलेश्वरी।
एवमेव त्वया कार्या
अस्मद्वैरि विनाशनम् ।।

हर प्रकार की बाधा नाश करने में यह मंत्र बहुत प्रभावी है।

Anilkhigwan

## संतान प्राप्ति मंत्र

देवकीसुत गोविंद
वासुदेव जगत्पते।
देहि में तनयं कृष्ण
त्वामहं शरणंगतः ।।

संतान के इच्छुक दम्पति इस मंत्र का जप करें तो संतान की प्राप्ति होगी।

Anilkhigwan

## विद्या प्राप्ति मंत्र

सरस्वती महाभागे,
वरदे कामरूपिणी।
विश्वरूपि विशालाक्षी,
देहि विद्या परमेश्वरी ।।

विद्या प्राप्ति के लिए इस मंत्र का जाप लाभकारी है।

Anilkhigwan

# ॥ रुद्राभिषेक ॥

## 1. जल (पानी)



**महत्व:** शुद्ध और पवित्रता के लिए

**लाभ:** ॐ रींगाश्वसाय नमः।

**मंत्र:** ॐ गेगपाय नमः।

## 2. दहै



**महत्व:** उर्वरता और पुष्मिद का प्रहिक

**लाभ:** सपुदि लाता करताये

**मत्र:** ॐ सेह्लेश्वराय नमः।

## 4. घी



**महत्व:** आध्यान्पिक ज्ञान और
सर्मपि त का प्रतिक.

**लाभ:** मकरपतदा के हर करता।

**मंत्र:** ॐ रिवाय नमः।

## 5. पंचामृत



**महत्व:** महपाताम मिश्कता प्याव
और सर्माण का प्रतिक.

**लाभ:** ॐ ररासस्वय नमः।

## 7. पचास्त (दूथ, दही, शहद, धी, चीनी)



**महत्व:** साथ्यानिक श्संति प्रशेद
पस्राम का विकक

**मत्र:** ॐ रिंहपकाय नमः।

## 8. फल



**महत्व:** आभम और समति का प्रतिक

**लाभ:** समुद्दिद और ओवन गे सचुलन ताता।

**मंत्रं:** ॐ फस्त प्रदाय समः।

## 5. शहद



**महत्व:** शीतलता और शुद्धता
का विकक

**लाभ:** गन ओ शांत करता है.
और मानिसक रानाव हूर
करता.

**मंत्र:** ॐ नमः ारीवाय

## 6. चीनी



**महत्व:** ख्यारी और पाथसत गेर



**लाभ:** सपुहिद साता सह ग्य
पह दांथ हर करता।

**मंत्र:** ॐ रथमकाय नमः।

## 8. फदन



**महत्व:** थुहित और मविसा का प्रततिक

**लाभ:** सांश्चातष्ठा द करती हे.

**मंत्र:** ॐ श्रुस्वाय नमः।

## 11. इत्र और धूप



**महत्व:** भत्ति और पविंशता का
प्रतिक सांसकतनातर



**लाभ:** ॐ सुगंयाथ नमः।

## 12. गन्नै का रस



**महत्व:** रृद्धि और सग्पूसिस का
प्रतिक सगस

**मंत्र:** ॐ रपणय नमः।

## 13. केसर जल



**महत्व:** राजता और समृयित का प्रतिक

**लाभ:**

ध्याशत्मक रुश समायदि वताम है.

**मंत्रं:** ॐ केशवाय नमः।





## हरियाणवी-मलयालम जैसी भाषाओं के रैप भी वायरल

### धुरंधर में मेघालय की सिंगर रेबल के तीन गाने हिट, अब नॉर्थईस्ट-केरल के सिंगर भी वायरल

धुरंधर की सफलता के पीछे उसका साउंडट्रैक भी है। मेघालय की 22 वर्षीय सिंगर रेबल (डायाफी लामारे) धुरंधर में अपने गानों से वायरल हुई हैं। रेबल ने नाल नचना, रन डाउन द सिटी और आरी आरी जैसे हिट ट्रैक्स फिल्म को दिए। ये एक नया ट्रेंड है, तमिल हो या मराठी, अब हर राज्य के अपने रैप वायरल हो रहे हैं। श्रेयस सागवेकर आज मराठी रैप का बड़ा चेहरा हैं। उनके मराठी ट्रैक तांबडी चामडी को 5 करोड़ से अधिक यूट्यूब व्यूज मिले। इसी तरह मलयालम रैप भी केरल में पॉपुलर है। रैपर डैब्जी (मोहम्मद फासिल) का इलूमिनाटी इसका उदाहरण है। यूट्यूब पर इसके 41 करोड़ व्यूज हैं। कश्मीर में कोशूर रैप है, जिसमें वहां की जिंदगी को रैप के जरिए सुनाते हैं।


**रेबल: 24 वर्षीय रैपर; धुरंधर में इनके गाने वायरल-** 24 वर्षीय रेबल मेघालय में जन्मी हैं। उन्हें 10 की उम्र से म्यूजिक का शौक है। बेंगलुरु से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने पारंपरिक करियर की बजाय म्यूजिक को ही चुना। हाल ही में रेबल ने मलयालम फिल्म लोकह चैप्टर 1 चंद्रा में भी काम किया है। धुरंधर में 3 गाने गाए हैं।

**ढांडा न्योलीवाला - पहले जैवलिन थ्रोअर थे-** ढांडा न्योलीवाला 1998 में हरियाणा के हिसार जिले के न्योली कलां गांव में जन्मे। एक सरकारी स्कूल टीचर के बेटे हैं। म्यूजिक से पहले वह राष्ट्रीय स्तर के जैवलिन थ्रोअर रह चुके हैं। सितंबर 2022 में अप टु यू से उन्हें सक्सेस मिली। अब हरियाणवी रैप को पॉपुलर बना रहे।

### अल्लू के जन्मदिन पर फिल्म

## 'राका' का फर्स्ट लुक रिलीज

**एक्टर निभाएंगे 4 किरदार, दीपिका पादुकोण के साथ पहली बार नजर आएंगे**




अल्लू अर्जुन ने अपने 44वें जन्मदिन पर अपनी अगली फिल्म 'राका' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। एटली के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म का नाम पहले 'AA22xA6' रखा गया था। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

पोस्टर में अल्लू अर्जुन एक डरावने और खतरनाक अवतार में नजर आ रहे हैं। यह एक बड़े बजट की साइंस-फिक्शन एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसे हिंदी और अंग्रेजी समेत 9 अलग-अलग भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है।

पोस्टर में दिखा एक्टर का डरावना अवतार पोस्टर की बात करें तो अल्लू अर्जुन इसमें बिल्कुल बदले हुए दिख रहे हैं। प्रोस्थेटिक मेकअप की मदद से उन्हें काफी उम्रदराज दिखाया गया है। उनकी आंखों में गहरा काजल है और ऊनी कपड़ों से एक बड़ा पंजा बाहर निकलता दिख रहा है। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, खुद को एक ऐसी सोच के लिए







तैयार करें जो सीमाओं से परे है। इस लुक को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में एक्टर का किरदार काफी डार्क और रहस्यमयी होने वाला है।

**800 करोड़ का बजट और 4 अलग किरदार** रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'राका' का कुल बजट करीब 800 करोड़ रुपए है। इसमें से 200 करोड़ रुपए प्रोडक्शन और 250 करोड़ रुपए सिर्फ वीएफएसक्स पर खर्च किए जा रहे हैं। चर्चा है कि फिल्म में अल्लू अर्जुन एक-दो नहीं बल्कि 4 अलग-अलग किरदार निभाएंगे।

इसमें वे दादा, पिता और दो बेटों के रोल में दिख सकते हैं। फिल्म की कहानी पैरेलल यूनिवर्स (दो अलग दुनियाओं) के इर्द-गिर्द घूम सकती है, हालांकि मेकर्स ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**फीस के मामले में भी बनाया रिकॉर्ड** अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म के लिए भारी-भरकम फीस ली है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें 'राका' के लिए करीब 175 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, फिल्म के मुनाफे में उनकी 15% की हिस्सेदारी भी होगी। वहीं, डायरेक्टर एटली इस फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपए चार्ज कर रहे हैं।



## जरीन खान की मां परवीन खान का निधन

**लंबे समय से थीं बीमार, जनाजा हुआ, कुछ घंटों पहले ही पालतु बिल्ली की मौत की खबर दी थी**

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान की मां परवीन खान का आज सुबह निधन हो गया। एक्ट्रेस की टीम ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। जरीन की मां परवीन बीते लंबे समय से बीमार चल रही थीं। कई बार अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इमरजेंसी में एडमिट भी करवाया जा चुका था।

जरीन खान की टीम ने आधिकारिक स्टेटमेंट में परवीन खान के निधन की पुष्टि करते हुए लिखा है, यह सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय परवीन खान, जो जरीन खान और सना खान की माता थीं, का 8 अप्रैल को शांतिपूर्वक निधन हो गया। स्टेटमेंट के अनुसार, परवीन खान का जनाजा अंधेरी वेस्ट के वसोर्वा मुस्लिम कब्रिस्तान में आज सुबह 10 बजे हुआ। जरीन खान की मां के निधन की खबर आने से कुछ घंटों पहले ही एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया ने अपने पालतु बिल्ली के निधन की खबर दी थी। उन्होंने भावुक होकर लिखा था, मेरी बेबी आज सुबह मुझे हमेशा के लिए छोड़कर अपने भाई-बहनों के पास चली गई। तुम्हारी आत्मा को शांति मिले मेरा बच्चा। मेरी रेम्बो। एक्ट्रेस की बिल्ली 15 साल की थी। उसका जन्म 18 जुलाई 2011 को हुआ था और निधन 7 अप्रैल 2026 में हुआ। जरीन खान की मां परवीन खान बीते लंबे समय से बीमार चल रही थीं। अक्टूबर 2025 में भी उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। तब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर दुआ करने की अपील की थी।

### धोखाधड़ी केस के बीच राज कुंद्रा ने तोड़ी चुप्पीः कहा- चुप रहा, ट्रोलिंग सही

## निष्पक्ष सच्चाई चाहता हूं, अदालत दोषी ठहराए तो सजा के लिए तैयार हूं

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति बिजनेसमैन को लगातार कभी फ्रॉड केस तो कभी अन्य मामलों के चलते मीडिया ट्रायल और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। हाल ही में कपल पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी के भी आरोप लगे हैं। अब लंबी चुप्पी के बाद राज कुंद्रा ने विवादों और केस पर बेबाक बयान दिया है। उनका कहना है कि अगर अदालत उन्हें दोषी करार देती है, तो वो हर सजा के लिए तैयार हैं।

राज कुंद्रा ने सोमवार को ऑफिशियल (पहले ट्विटर) पर लिखा है, 'न्याय में देरी का मतलब है न्याय न मिलना। मैं चुप रहा, मैंने सिस्टम का सम्मान किया और मीडिया ट्रायल, अटकलों और ट्रोलिंग को सहन किया। अब बहुत हो गया। मैं एक निष्पक्ष और अंतिम फैसले के जरिए सच्चाई चाहता हूं। अगर अदालत मुझे दोषी ठहराती है, तो मैं हर सजा का सामना करूंगा। तब तक, मुझे शोर से नहीं, सिर्फ न्याय से जज किया जाए- राज कुंद्रा।'

**शिल्पा-राज पर लगे हैं 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप-** शिल्पा शेट्टी पर कई मामलों में केस दर्ज हो चुके हैं। वहीं राज कुंद्रा 2021 में पोर्नोग्राफी केस से चर्चा में रहे थे। हाल ही में शिल्पा-राज पर एक बिजनेसमैन ने 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। अगस्त 2025 में मुंबई के एक बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई है। दीपक कोठारी के मुताबिक, उनकी मुलाकात 2015 में एजेंट राजेश आर्या के जरिए शिल्पा और कुंद्रा से हुई थी। उस समय दोनों बेस्ट डील टीवी के डायरेक्टर थे और शिल्पा के पास कंपनी के 87% से ज्यादा शेयर थे। शिकायत के अनुसार, एक मीटिंग में तय हुआ कि शिल्पा और राज कुंद्रा की कंपनी को दीपक लोन देंगे। कंपनी के लिए 75 करोड़ रुपए का लोन मांगा था, जिस पर 12% सालाना ब्याज तय हुआ। दीपक कोठारी का आरोप है कि बाद में शिल्पा और कुंद्रा ने उनसे कहा कि लोन पर टैक्स की परेशानी आ सकती है, इसलिए इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाते हैं और हर महीने रिटर्न देंगे। अप्रैल 2015 में कोठारी ने करीब 31.95 करोड़ रुपए की पहली पेमेंट की। टैक्स से जुड़ी परेशानी जारी रहने पर सितंबर में दूसरी डील हुई और जुलाई 2015 से मार्च 2016 के बीच उन्होंने 28.54 करोड़ रुपए और ट्रांसफर किए। कुल मिलाकर उन्होंने 60.48 करोड़ रुपए दिए, साथ ही 3.19 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी के रूप में चुकाए। कोठारी का दावा है कि अप्रैल 2016 में शिल्पा ने उन्हें पर्सनल गारंटी भी दी थी, लेकिन उसी साल सितंबर में उन्होंने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद शिल्पा की कंपनी पर 1.28 करोड़ रुपए का कर्ज न चुकाने का मामला सामने आया। कोठारी को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कई बार अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन कोई जवाब और पैसे नहीं मिले। पहले मामला जुहू पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत दर्ज हुआ। चूंकि रकम 10 करोड़ से ज्यादा थी, इसलिए जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दी गई है। एडह इस केस की जांच कर रही है।



**शिल्पा से हुई थी साढ़े 4 घंटे तक पूछताछ**

7 अक्टूबर को धोखाधड़ी के मामले में एडह (इकोनॉमिक ऑफेंस विंग) की टीम ने शिल्पा शेट्टी के घर पहुंचकर करीब साढ़े 4 घंटे तक पूछताछ की थी। शिल्पा के अलावा राज कुंद्रा का बयान भी दर्ज किया गया गया था। जब राज से अक्टूबर के महीने में पूछताछ हुई थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि बेस्ट डील को दीपक कोठारी द्वारा दी गई रकम को बिपाशा बसु, नेहा धूपिया और प्रोड्यूसर एकता कपूर को बतौर प्रोफेशनल फीस दी जा चुकी थी।



### गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराया

# गुजरात की आईपीएल में सबसे छोटी जीत

## कुलदीप आखिरी बॉल पर रनआउट

## मिलर का 106 मीटर लंबा सिक्स



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में आखिरी गेंद पर कुलदीप यादव रनआउट हो गए। डेविड मिलर ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

**गुजरात की रन के हिसाब सबसे छोटी जीत-** गुजरात टाइटंस ने रन के हिसाब से सबसे छोटी जीत हासिल की। टीम की जीत एक रन की रही। टीम ने 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 6 रन, 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 7 रन, 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 रन और उसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 14 रन से जीत दर्ज की थी।

**बटलर के टी-20 में 600 सिक्स पूरे-** बटलर के टी-20 में 600 सिक्स पूरे हुए। इस मैच में उन्होंने 5 सिक्स लगाए। सबसे ज्यादा सिक्स के मामले में क्रिस गेल (1056), कीरोन पोलार्ड (982), आंद्रे रसेल (784), निकोलस पूरन (712) उनसे आगे हैं। इसके अलावा बटलर ने एक ही पारी में 14वीं बार 5 या उससे ज्यादा सिक्स भी लगाए।

**सुदर्शन-गिल ने चौके से अपना खाता खोला-** साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने चौके से अपना खाता खोला। पहले ओवर की पहली ही बॉल पर सुदर्शन ने पैड्स पर आई गेंद को मिडविकेट के पार खेलकर बाउंड्री हासिल की। इसके बाद सिंगल लेकर उन्होंने गिल को स्ट्राइक दी। गिल ने ओवर की तीसरी बॉल पर ऑफ साइड में शानदार शॉट लगाते हुए चौका जड़ दिया।

**बटलर का 96 मीटर लंबा सिक्स-** जोस बटलर ने मुकेश कुमार के ओवर में 3 सिक्स लगाए। 5वें ओवर की पहली दो बॉल पर बटलर ने दो सिक्स लगा दिए। उन्होंने पहली गेंद पर स्कूप शॉट खेला, इसके बाद दूसरी गेंद पर सामने की दिशा में सिक्स लगा दिया। यह सिक्स 96 मीटर लंबा रहा। इसके बाद बटलर ने ओवर की पांचवीं गेंद पर भी सिक्स लगाया। बाद में बटलर 52 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर बोल्ड हो गए।

**कैच छूटने के बाद गिल ने चौके से फिफ्टी पूरी की-** 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल को जीवनदान मिला। अक्षर पटेल की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर डेविड मिलर से उनका कैच छूट गया। गिल ने आगे बढ़कर शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद हवा में चली गई। मिलर ने दौड़कर कैच पकड़ने की कोशिश की। लेकिन गेंद सिर्फ उंगलियां में ही लग सकी। इसके बाद गिल ने 14.5 ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और 70 रन बनाकर आउट हुए।

**वाशिंगटन की सिक्स के साथ डेब्यू क्ढछ फिफ्टी-** वॉशिंगटन सुंदर ने सिक्स के साथ डेब्यू आईपीएल फिफ्टी पूरी की। 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर टी नटराजन ने फुल टॉस डाली। सुंदर ने झुककर शॉट खेला और गेंद को डीप स्क्वायर लेग के पार सिक्स के लिए भेज दिया।

**दिल्ली ने पहले ओवर में 3 चौके लगाए-** पहले ओवर में दिल्ली ने 3 चौके लगाए। पाथुम निसांका ने मोहम्मद सिराज के खिलाफ ओवर की दूसरी, तीसरी और आखिरी गेंद पर शानदार चौके जड़े। उन्होंने कवर और सीधा शॉट खेलकर गेंद को बाउंड्री तक पहुंचाया।

**राहुल ने लगातार 4 बाउंड्री लगाकर फिफ्टी पूरी की-** राहुल ने लगातार 4 बाउंड्री लगाकर अपनी 41वीं आईपीएल फिफ्टी पूरी की। 9वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ केएल राहुल ने पहले चौका जड़ा, फिर बैक-टू-बैक दो सिक्स लगाए और आखिर में एक और चौका लगाकर सिर्फ 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस ओवर से कुल 21 रन आए।

**डेविड मिलर रिटायर हर्ट हुए-** डेविड मिलर रिटायर हर्ट हुए और बाद में बल्लेबाजी के लिए लौटे। 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिलर कलाई में चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, उनकी जगह अक्षर पटेल बल्लेबाजी करने आए। इसके बाद 17वें ओवर की चौथी गेंद पर ट्रिस्टन स्टब्स 7 रन बनाकर साई सुदर्शन के डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट हो गए। स्टब्स के आउट होने के बाद मिलर फिर से क्रीज पर बैटिंग के लिए लौटे।

**मिलर ने 106 मीटर का सिक्स लगाया-** मिलर ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगा दिया। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने फुल लेंथ गेंद डाली, जिस पर डेविड मिलर ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से स्टेडियम के बाहर 106 मीटर दूर भेज दिया।

**कुलदीप आखिरी बॉल पर रनआउट हुए-** मैच के आखिरी ओवर में दिल्ली को 13 रनों की जरूरत थी। विपराज निगम ने प्रसिद्ध कृष्णा की पहली बॉल पर चौका लगा दिया था। फिर वे दूसरी बॉल पर गिल को कैच थमा बैठे। ओवर की चौथी बॉल पर मिलर ने सिक्स लगाया। लेकिन, 5वीं बॉल पर सिंगल लेने से मना कर दिया और मैच टाई कराने का मौका गंवाया। आखिरी बॉल पर कुलदीप यादव रनआउट हो गए।

### आईपीएल में आज केकेआर-एलएसजी

# नाइट राइडर्स को सीजन में पहली जीत तलाश





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता

आईपीएल में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच केकेआर के होम ग्राउंड ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। मैच का टॉस शाम 7:00 बजे होगा।

आज कोलकाता में बारिश की 90% आशंका है। यहां पिछला मैच भी बारिश के कारण रदद रहा थी। केकेआर का इस सीजन यह चौथा मैच होगा। टीम ने अब तक खेले 3 मैचों में से 2 में जीत दर्ज की है, जबकि पिछला मुकाबला पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हो गया था। वहीं, एलएसजी को अपने पिछले दो मैचों में एक में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा है।

**कोलकाता के खिलाफ लखनऊ ने 4 मैच जीते-** केकेआर और एलएसजी के बीच अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें लखनऊ ने 4 मैच जीते हैं, जबकि कोलकाता को 2 में जीत मिली है। पिछले सीजन दोनों टीमों की एक बार भिड़ंत हुई थी, जिसमें लखनऊ ने बाजी मारी थी। कोलकाता में खेले गए 3 मैचों में भी लखनऊ का पलड़ा भारी रहा है, उसे 2 जीत मिली हैं, जबकि कोलकाता सिर्फ 1 मैच जीत सकी है। इस सीजन में कोलकाता के टॉप परफॉर्मर्स में अंगकृष रघुवंशी और ब्लेसिंग मुजरबानी शामिल हैं। अंगकृष ने 3 मैचों में 110 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 169.23 का रहा है।












### आईडीबीआई के विनिवेश पर

## भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार आईडीबीआई बैंक के दो संभावित खरीदारों से संशोधित वित्तीय बोलियां मंगवा सकती है क्योंकि उनकी मूल बोली राशि बैंक की रणनीतिक बिक्री के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम थी। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, आईडीबीआइ बैंक की रणनीतिक बिक्री तकनीकी मूल्यांकन के चरण में है। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच, सरकार संसाधनों को जुटाने और वैश्विक अनिश्चितता से अर्थव्यवस्था को बचाने के उपायों के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनाने के लिए विनिवेश और परिसंपत्ति मुद्रीकरण पर भरोसा कर रही है। तीन साल से अधिक समय तक चले प्रयासों के बाद, आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री वित्तीय बोली के अंतिम चरण में पहुंच गई थी, और सरकार आगे की देरी से बचने के लिए इस प्रक्रिया को फिर से शुरू नहीं करना चाहती है। सरकार और एलआईसी मिलकर आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की कोशिश कर रहे थे और उन्होंने अक्तूबर 2022 में रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की थी। वित्तीय बोलियां 6 फरवरी को प्राप्त हुईं थी। तमिलनाडु में बायोडिग्रेडेबल बैग की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इससे छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। वैश्विक तनाव और बढ़ती इनपुट लागत इसका मुख्य कारण हैं। इन बैग के 20 से 30 फीसदी कच्चे माल में कच्चे तेल के डेरिवेटिव होते हैं। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ी। एक किलोग्राम बैग का बाजार मूल्य 150 रुपये से बढ़कर 250 रुपये हो गया है। छोटे खुदरा विक्रेता अब 100 रुपये या अधिक की खरीद पर ही ये बैग दे रहे हैं।

### आम आदमी की थाली पर गैस संकट का क्या असर

# टमाटर ने बिगाड़ा बजट, प्याज-आलू से राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्या मार्च 2026 में आपकी खाने की थाली सस्ती हुई? क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मांसाहारी थाली के दाम गिरे हैं, जबकि शाकाहारी थाली के दाम स्थिर रहे।

बढ़ती महंगाई के बीच आम आदमी की रसोई और उसके बजट से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल इंटेलिजेंस की रोटी राइस रेट नाम की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2026 में घर पर पकाई जाने वाली खाने की थाली की कीमतों में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत की कीमतों के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि किन चीजों ने आपकी थाली को महंगा किया और किनसे आपको राहत मिली।

आइए, आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि पिछले महीने आम आदमी की थाली का बजट कैसा रहा।


**सवाल:** मार्च 2026 में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमतों में क्या बदलाव आया?

**जवाब:** रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना आधार पर मार्च 2026 में मांसाहारी थाली की कीमत में 1 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, शाकाहारी थाली की कीमत पिछले साल के मुकाबले पूरी तरह स्थिर रही है। हालांकि, यदि मासिक आधार पर तुलना करें, तो शाकाहारी थाली 3 प्रतिशत और मांसाहारी थाली 2 प्रतिशत सस्ती हुई है।

**सवाल:** प्याज और आलू की कीमतों ने आम आदमी को कितनी राहत दी?

**जवाब:** सब्जियों के मोर्चे पर प्याज और आलू ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सालाना आधार पर प्याज की कीमतों में 25 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण रबी और लेट खरीफ फसल की एक साथ बंपर पैदावार, कमजोर निर्यात और ज्यादा सप्लाई है। इसी तरह, होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर से मांग कम होने के कारण आलू की कीमतें भी 13 प्रतिशत गिर गई हैं।

**सवाल:** जब प्याज-आलू सस्ते हुए, तो शाकाहारी थाली की कीमत क्यों नहीं घटी?



**जवाब:** शाकाहारी थाली का बजट मुख्य रूप से टमाटर ने बिगाड़ दिया है। मार्च 2025 में जो टमाटर 21 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, वह मार्च 2026 में 33 प्रतिशत महंगा होकर 28 रुपये प्रति किलो हो गया है। दरअसल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में बुवाई में देरी के कारण टमाटर की पैदावार और बाजार में इसकी आवक बुरी तरह प्रभावित हुई है।

**सवाल:** मांसाहारी थाली की कीमत में 1% की गिरावट के पीछे क्या वजह है?

**जवाब:** मांसाहारी थाली के सस्ता होने का सबसे मुख्य कारण ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में कमी आना है। एक मांसाहारी थाली की कुल लागत में ब्रॉयलर की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत होती है। सालाना आधार पर ब्रॉयलर की कीमतों में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे पूरी मांसाहारी थाली की कीमत नीचे आ गई है।

**सवाल:** दालों के दाम और सप्लाई को लेकर रिपोर्ट में क्या अच्छी खबर है?

**जवाब:** दालों के मोर्चे पर आम आदमी के लिए राहत की खबर है। मासिक आधार पर दालों की कीमतों में छह प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-जून मार्केटिंग वर्ष के लिए अरहर का स्टॉक इस साल 20 प्रतिशत ज्यादा रहने का अनुमान है। वहीं, जनवरी-दिसंबर मार्केटिंग वर्ष के लिए चने का स्टॉक भी लगभग 10 प्रतिशत ज्यादा है। इसी ज्यादा स्टॉक के कारण दालों की कीमतों पर नीचे की ओर दबाव बना हुआ है।

**सवाल:** क्या गैस और तेल की कीमतों ने भी थाली का बजट बढ़ाया है?

**जवाब:** जी हां, टमाटर के अलावा रसोई गैस और खाद्य तेल ने भी रसोई का बजट बढ़ाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक सप्लाई चेन में आई बाधाओं के कारण खाद्य तेल की कीमतों में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत भी 14 प्रतिशत बढ़ गई है। इन्हीं महंगे कारकों ने प्याज-आलू से मिलने वाली राहत को सीमित कर दिया।

**सवाल:** अब आगे क्या?

**जवाब:** जहां एक तरफ आलू, प्याज और दालों के बेहतर स्टॉक ने रसोई का बजट सुधारने में मदद की, वहीं टमाटर, खाद्य तेल और रसोई गैस की महंगाई ने आम आदमी की जेब पर दबाव बनाए रखा। आने वाले समय में सब्जियों की पैदावार और वैश्विक सप्लाई चेन की स्थिति ही यह तय करेगी कि खाद्य महंगाई से आम आदमी को पूरी तरह राहत मिलेगी या नहीं।

### होर्मुज से गुजरने के लिए

# लेवी पर कोई बातचीत नहीं



## सरकार बोली- सुरक्षित हैं एलपीजी लाने वाले जहाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने होर्मुज से गुजरने के लिए ईरान के साथ किसी भी तरह की लेवी पर बातचीत की खबरों को निराधार बताया है। जानें एलपीजी सप्लाई, जहाजों की सुरक्षा और घरेलू गैस वितरण पर सरकार के ताजा अपडेट को विस्तार से पढ़ें।

भारत सरकार ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स का सिरे से खंडन किया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ट्रांजिट लेवी लगाने के विषय पर भारत और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और आधारहीन बताते हुए कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। नौवहन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि ट्रांजिट लेवी के विषय पर ईरान के साथ भारत की कोई बातचीत नहीं हुई है। क्षेत्र में बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच चिंताओं को दूर करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे किसी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है। व्यापारिक जहाजों की स्थिति पर अपडेट देते हुए मंगल ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद 16 भारतीय जहाजों की कड़ी निगरानी (ट्रैकिंग) की जा रही है। ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता को पुख्ता करते हुए उन्होंने बताया कि एलपीजी ले जाने वाले दो महत्वपूर्ण जहाज- 'ग्रीन संघवी' और 'ग्रीन आशा'- इस बेहद अहम और संवेदनशील समुद्री मार्ग को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं।

### सेबी के प्रमुख तुहिन कांता पांडे ने कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिया बड़ा

# नए नियमों से ज्यादा जरूरी बोर्डरूम की लीडरशिप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांता पांडे ने कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिया बड़ा बयान। जानें उन्होंने बोर्डरूम और स्वतंत्र निदेशकों को लेकर क्या कहा और क्यों नियमों से ज्यादा लीडरशिप जरूरी है। पूरी रिपोर्ट यहां पढ़ें।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने सोमवार को भारतीय कॉरपोरेट गवर्नेंस के भविष्य के बारे में एक बड़ी बात कही। मुंबई में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित 19वें कॉरपोरेट गवर्नेंस समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस का भविष्य अब केवल नियामक नियमों के विस्तार पर नहीं, बल्कि बोर्डरूम की सक्रियता और लीडरशिप की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा।



**नियमों के अनुपालन से आगे बढ़कर सोचने की जरूरत-** भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एक बहुत ही मजबूत गवर्नेंस ढांचा तैयार कर लिया है, लेकिन सेबी प्रमुख के अनुसार, सुधारों के अगले चरण में बोर्डरूम के भीतर होने वाली निर्णय लेने की प्रक्रिया और भागीदारी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

पांडे ने शासन के केवल नियम-आधारित मूल्यांकन से दूर जाने का संकेत देते हुए कहा, गवर्नेंस की प्रभावशीलता केवल इस बात से तय नहीं होगी कि हमारे नियम कितने व्यापक हैं, या हमारे खुलासे कितने विस्तृत हो गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके बजाय गवर्नेंस के परिणाम इस बात से आकार लेंगे कि बोर्डरूम में पूछे जाने वाले सवालों की गुणवत्ता क्या है, उन सवालों के पीछे की समझ कितनी गहरी है और उन पर कार्रवाई करने का आत्मविश्वास कितना है। वर्तमान कार्यप्रणाली में मौजूद कमियों को उजागर करते हुए उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि हालांकि कंपनियों के बोर्ड अच्छी तरह से संरचित हैं और उनके पास सूचनाओं की उपलब्धता भी बढ़ रही है, लेकिन अक्सर बोर्डरूम के भीतर सक्रियता और जुड़ाव का स्तर असमान रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड में केवल स्वतंत्र निदेशकों को शामिल कर लेना ही उनके स्वतंत्र रूप से सोचने या प्रभावी निगरानी करने की गारंटी नहीं है।

## अदाणी की 14535 करोड़ की बोली पर नहीं लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ की बोली पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिससे जेएएल के अधिग्रहण की प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी। हालांकि, कोर्ट ने मॉनिटरिंग कमेटी को बिना एनसीएलएटी की अनुमति कोई बड़ा फैसला लेने से रोक दिया है। भारत के कॉरपोरेट जगत से जुड़ी एक अहम कानूनी लड़ाई में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ की बोली के जरिए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

पोरबन्दर-आसनसोल्-नगरयोः मध्ये पश्चिमरेलमार्गः
साप्ताहिकं विशेषयानं चालयिष्यति

| रेल नं. | प्रारम्भस्थानकं गन्तव्यं च | सेवायाः तिथयः | प्रस्थानं | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09205 | पोरबन्दर-आसनसोल | 13/04/2026 से 29/06/2026 तक | प्रातः ०८:५० (सोमवासरः) २. | प्रातः ०६:४५ (बुधवासरः) २. |
| 09206 | आसनसोल-पोरबन्दर | 15/04/2026 से 01/07/2026 तक | २३:०५ (बुधवासरः) २. | २१:५० (शुक्रवासरः) २. |

हाल्ट : भनवाद, लालपुर जाम, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकनेर, सुरेन्द्रनगर, विरामगम, अहमदाबाद, आनंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागड़ा, उज्जैन, संत हिरदराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरंगना लक्ष्मीबाई झांसी, गोविंदपुरी, प्रयागराज जन., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भबुआ रोड, सासाराम, डेहरी पर सोने, गया, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमोह एवं धनबाद स्टेशन दोनों दिशाओं में।

रचना : एसी-2 टीयर, एसी-3 टीयर, स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास कोच।

विरामसमयानां रचनायाश्च विषये सम्पूर्णविवरणार्थं यात्रिकाः कृपया www.enquiry.india»»frail.gov.in इति सञ्चिकां द्रष्टुं शक्नुवन्ति।

रेलसंख्या ०९२०५ इत्यस्य बुकिंग् १०/०४/२०२६ तः सर्वेषु पीआरएस काउण्टर् तथा IRCTC वेबसाइट् इत्यत्र उद्घाट्यते। उपर्युक्ता रेलयाना विशेषभाडया विशेषयानरूपेण प्रचलति।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/Westernपश्चिम रेलवेअधिकारी...

सर्वेषां आरक्षितटिकटानां कृते मूलपरिचयप्रमाणपत्रं वहन्तु।

# ॐ सनातन धर्म के सोलह संस्कार
## (16 Sanskar of Hindu Dharma)



**गर्भाधान संस्कार**
संतान प्राप्ति हेतु शुद्ध भाव व संकल्प



**पुंसवन संस्कार**
गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य व संरक्षण हेतु



**सीमन्तोन्नयन संस्कार**
गर्भवती माता की मानसिक एवं शारीरिक शांति हेतु



**जातकर्म संस्कार**
शिशु के जन्म के समय किया जाने वाला संस्कार



**नामकरण संस्कार**
शिशु का शुभ नामकरण



**निष्क्रमण संस्कार**
शिशु को प्रथम बार घर से बाहर ले जाना



**अन्नप्राशन संस्कार**
शिशु को प्रथम बार अन्न ग्रहण कराना




**चूड़ाकर्म (मुंडन) संस्कार**
बालों का प्रथम संस्कार



**कर्णवेध संस्कार**
कान छेदन संस्कार



**उपनयन संस्कार**
विद्या आरंभ एवं ब्रह्मचर्य का प्रवेश




**वेदारंभ संस्कार**
वेद एवं शास्त्र अध्ययन का प्रारंभ




**समावर्तन संस्कार**
शिक्षा पूर्ण कर गृहस्थ जीवन की तैयारी



**विवाह संस्कार**
धर्मपूर्वक गृहस्थ जीवन का आरंभ




**वानप्रस्थ संस्कार**
सांसारिक मोह से धीरे-धीरे विरक्ति



**संन्यास संस्कार**
पूर्ण वैराग्य व मोक्ष मार्ग की ओर गमन



**अंत्येष्टि संस्कार**
देह त्याग के पश्चात अंतिम संस्कार



Ministry of
Ayush
Government of India
सत्यमेव जयते
Eat Good
Feel Good
Include Ayurveda Aahara in your Meal
experience the change
Scan to know more
moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबिल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्प्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉर्डर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थमसअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |


12 ज्योतिर्लिंग
भगवान शिव के पवित्र धाम
मल्लिकार्जुन
(आंध्र प्रदेश)
श्रीशैलम पर्वत पर।
केदारनाथ
(उत्तराखंड)
हिमालय, रुद्रप्रयाग।
सोमनाथ
(गुजरात)
प्रथम ज्योतिर्लिंग, सौराष्ट्र, सागर किनारे।
काशी विश्वनाथ
(उत्तर प्रदेश)
वाराणसी, गंगा किनारे।
ओंकारेश्वर
(मध्य प्रदेश)
खंडवा, नर्मदा तट।
नागेश्वर
(मुनरात)
द्वारका के पास।
बैद्यनाथ
(झारखंड)
देवघर, रावण से जुड़ा।
भीमाशंकर
(महाराष्ट्र)
पुणे के पास, सह्याद्री।
त्र्यंबकेश्वर
(महाराष्ट्र)
नासिक, गोदावरी उद्गम।
महाकालेश्वर
(मध्य प्रढेक्ष)
उज्जेन, दक्षिणमुखी।
रामेश्वरम
(तमिलनाडु)
सेतु तट, राम द्वारा स्थापित।
घृष्णेश्वर
(घहाराष्ट्र)
एलोरा गुफाओं के पास।

■ वर्ष-12 अंक-155 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 09 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्टि।।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वृद्धिः किल कामधेनुः।।

**भावार्थ :** विद्या वास्तव में कामधेनु है, क्योंकि यह धन का पोषण करती है, विपत्ति (परेशानी) को रोकती है, प्रसिद्धि (प्रसिद्धि) लाती है, गंदगी (गरीबी) को धोती है, दूसरों को संस्कार रूप से पवित्र करती है।

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनम्।
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः।।

**भावार्थ :** विद्या मनुष्य का विशेष रूप है, विद्या गुप्त धन है। वह भोग की दाता, यश की दाता और उपकारी है। विद्या गुरुओं की गुरु है विद्या विदेश में भाई है। ज्ञान एक महान देवता है, राजाओं में ज्ञान की पूजा होती है, धन की नहीं, बिना शिक्षा वाला व्यक्ति पशु है।

## गुराण्डी मार्केट् इत्यस्मिन् स्क्रैप् शॉप् इत्यत्र विशालः अग्निः प्रज्वलितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

वादनस्य समीपे चञ्चल-गुराण्डी-स्क्रैप् मार्केट्-मध्ये-मध्यप्रदेशस्य जबलपुर-नगरस्य व्यस्ततमक्षेत्रेषु अन्यतम-क्षेत्रे आकस्मिकः अग्निः प्रज्वलितः, ततः शीघ्रमेव विशाल-ज्वाला-प्रकोपः अभवत् एकस्मात् स्क्रैप्-दुकानात् उत्पन्नः स्फुलिङ्गः क्षणमात्रेण ३ ततः ४ यावत् समीपस्थं दुकानं द्रुतगत्या व्याप्तवान्, येन सम्पूर्णे क्षेत्रे धूमः प्रवहति स्म, निवासिनः च आतङ्कस्य वातावरणं जनयति स्म घटनायाः तीव्रताम् अवगत्य स्थानीयजनाः तत्क्षणमेव अग्निशामकविभागं सचेष्टवन्तः, तदनन्तरं षट् अग्निनिविदाभिः सह एकः दलः घटनास्थले आगतः। कतिपयघण्टानां कठिनप्रयत्नस्य अनन्तरं अग्निशामकाः अग्निं पूर्णतया नियन्त्रणे सफलतया आनयन्ति स्म। दिष्ट्या अस्मिन् प्रसङ्गे कस्यापि क्षतिः प्राणहानिः वा इति सूचनाः न प्राप्ताः; तथापि दुकानेषु संगृहीतं।

## सम्पादकीयम्

### भारतस्य निर्वाचन आयोगेन पञ्चराज्यानां

भारतस्य निर्वाचनआयोगेन पञ्चराज्यानां निर्वाचनदिनानि घोषितानि। यत्र निर्वाचनं भविष्यति तत्र असम, पश्चिमबङ्गः, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी च केन्द्रप्रदेशः च सन्ति। एतेषां निर्वाचनानां पूर्वं मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः अनेकानां आव्हानानां सामनं कर्तुं शक्नोति। असम, पश्चिमबङ्ग, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी केन्द्रशासितराज्यं च इति पञ्चराज्येषु विधानसभानिर्वाचनं घोषितम्। यद्यपि एते तकनीकीदृष्ट्या राज्यस्तरीयनिर्वाचनाः सन्ति तथापि तेषु केवलं पञ्जीकृतमतदातॄणां संख्या सम्पूर्णे संयुक्तराज्ये कुलमतदातानां संख्या अधिका अस्ति मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः अतीव गर्वेण अवदत् यत् आस्ट्रेलिया, फ्रान्स, दक्षिण आफ्रिका, जर्मनी, कनाडादेशयोः संयुक्तमतदाताजनसंख्या प्रायः १७४ मिलियन (१७.४ कोटि) भवति- एतेषु भारतीयराज्येषु मतदातानां तुलनीयः आकङ्क्षः परन्तु अस्मिन् निर्वाचने संख्यानां निरपेक्षः परिमाणः प्राथमिकः आव्हानः नास्ति। विषये विवादः इत्यनेन उक्तं यत् आयोगेन सर्वेषां निर्वाचन-बद्धानां राज्यानां भ्रमणं कृत्वा तेषां सज्जतायाः आकलनं कृतम् अस्ति। सः विशेषसघनपुनरीक्षण प्रक्रियायाः उल्लेखं कृतवान् यत् कोऽपि योग्यः मतदाता बहिः न त्यक्तव्यः, न च कोऽपि अयोग्यः व्यक्तिः मतदातासूचौ न समाविष्टः भवेत् इति। परन्तु वास्तविकता एषा यत् एसआईआर प्रक्रिया आरम्भादेव विवादैः पीडिता अस्ति। मतदातासूचिकातः नामानां बृहत्प्रमाणेन लोपः इति विषये विपक्षेण अनेके आरोपाः कृताः।

सवैधानिकसंस्थानां स्वातन्त्र्यविषये अनुसूचितजातिन्यायाधीशः नगररत्नः

# यदि निर्वाचनं कुर्वन्तः एव निकायाः राजनेतानां उपरि आश्रिताः भवन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

सर्वोच्चन्यायालयस्य न्यायाधीशः न्यायाधीशः बी.वी.नगररत्नः देशस्य प्रमुखसंवैधानिकसंस्थानां स्वातन्त्र्यस्य विषये महत्त्वपूर्णं वक्तव्यं दत्तवान्। शनिवासरे सा निर्विवादरूपेण अवदत् यत् निर्वाचनआयोगादिसंस्थाः पूर्णस्वतन्त्रतया कार्यं कर्तुं अर्हन्ति, तेषां कस्यापि प्रकारस्य राजनैतिकप्रतिक्रियायाः दबावस्य वा कृते सर्वथा अभेद्याः एव तिष्ठेयुः। पटनानगरस्य चाणक्यराष्ट्रीयकानूनविश्वविद्यालये डॉ.राजेन्द्रप्रसादस्मारकव्याख्यानं प्रदातुं न्यायमूर्तिः नागररत्नेन निर्वाचनप्रक्रियायाः राजनैतिकनियन्त्रणस्य च विषये अनेकाः गम्भीराः चिन्ताः प्रकटिताः। निर्वाचन आयोगः, इत्यादीनां संस्थानां कृते स्वतन्त्रतां स्थापयितुं अत्यावश्यकम् अधिकारात् परं संवैधानिकतावादः इति विषये स्वविचारं साझां कुर्वन्त्याः न्यायमूर्तिः नागररत्नः अवलोकितवती यत् प्रमुखसंस्थाः- यथा निर्वाचनआयोगः, महानियन्त्रकः महालेखापरीक्षकः, वित्तआयोगः च-सदृशं संरचनात्मकं परिकल्पनं साझां कुर्वन्ति। एताः संस्थाः विशेषशरीराः सन्ति, बाह्यप्रभावरहिताः। तेषां कृते महत्त्वपूर्णक्षेत्राणां निरीक्षणस्य दायित्वं न्यस्तं यत्र मानकराजनैतिकप्रक्रियाः निष्पक्षतां सुनिश्चितुं पर्याप्ताः न भवेयुः। सा देशस्य लोकतन्त्राय सर्वोपरि महत्त्वपूर्णं यत् एताः सर्वाः संस्थाः स्वतन्त्रतया स्वकर्तव्यं निर्वहन्ति, कस्यापि राजनैतिकदबावात् मुक्ताः, कस्यापि राजनैतिकदलेन अविचलिताः च तिष्ठन्ति इति निर्वाचनप्रक्रियायां नियन्त्रणं राज्यसत्तायां एव नियन्त्रणं सूचयति भारतस्य सुदृढप्रजातन्त्रस्य अन्तः निर्वाचनआयोगस्य महत्त्वपूर्णभूमिकायाः विषये टिप्पणीं कुर्वन् न्यायाधीशः नागररत्नः टिप्पणीं कृतवान् यत् निर्वाचनानां केवलं आवधिकं, नित्यं न भवति अपितु ते एकं शक्तिशालीं तन्त्रं निर्मान्ति यस्य माध्यमेन देशस्य राजनैतिकाधिकारस्य गठनं भवति। सा अपि अवदत् यत् अस्माकं संवैधानिकप्रजातन्त्रेण प्रचुररूपेण प्रदर्शितं यत् निर्वाचनानां समये एव संचालनस्य कारणेन एव देशे शासनस्य संक्रमणं सुचारुतया भवति। अस्मिन् सन्दर्भे निर्वाचनप्रक्रियायाः नियन्त्रणं प्रत्यक्षतया राजनैतिकप्रतिस्पर्धायाः एव शतानाम् उपरि नियन्त्रणं स्थापयितुं भवति। प्रकरणम् उद्धृत्य टी.एन. सेशन बनाम भारतसङ्घ इति विषये सा प्रेक्षकान् स्मारितवती।

राज्य महिला कांग्रेस

## जबलपुर की प्रियंका सोनी को संयुक्त सचिव की भूमिका नियुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशमहिलाकाङ्ग्रेसस्य प्रथमा राज्यकार्यकारीसमित्याः सूची प्रकाशिता। एषा सूची अल्का लाम्बा इत्यस्याः अनुमोदनानन्तरं घोषिता, यत्र राज्यस्य सक्रियमहिलानेतृभ्यः प्रमुखदायित्वं न्यस्तम् अस्ति। संगठनात्मकविस्तारस्य, आगामिनिर्वाचनस्य सज्जतायाः च दृष्ट्या एषा घोषणा महत्त्वपूर्णं सोपानरूपेण दृश्यते।

नूतनकार्यकारिणीसमित्याः अन्तः जबलपुरं प्रमुखं स्थानं अपि प्रदत्तम् अस्ति। नगरस्य सक्रियमहिलानेत्री प्रियङ्का सोनी संयुक्तसचिवपदे नियुक्ता अस्ति। एषा नियुक्तिः न केवलं तस्याः संगठनात्मकं योगदानं स्वीकुर्वति अपितु जबलपुरे महिलाकाङ्ग्रेसस्य वर्धमानं कार्यकर्तृत्वं अपि प्रतिबिम्बयति। तदतिरिक्तं ग्वालियर, इन्दौर, भोपाल, रीवा, सतना, कटनी, सिंगरौली, उज्जैन, मन्दसौर, सागर इत्यादीनां मण्डलानां महिलानेतृणां कार्यकारिणीयां समावेशं कृत्वा क्षेत्रीयसन्तुलनं निर्वाहयितुम् एकः प्रयासः कृतः अस्ति।

कार्यकारिणीसमित्याः अन्तः वरिष्ठपदेषु अनुभविनां मुखानाम् उत्तरदायित्वं न्यस्तम् अस्ति। ज्योतिसिंह, मनीषा रावत, शांति भलेश्वर, यास्मीन शेरानी च उपराष्ट्रपतिपदे नियुक्ताः सन्ति। इतरथा आरतीसिंह, गीतासिंह परिहार, हेमलतासिंह, रजनी वर्मा, सौम्या रंधेलिया, मधु शर्मा च महासचिवपदस्य उत्तरदायित्वं नियुक्ताः सन्ति। एतेषां सर्वेषां पदाधिकारिणां कार्यं संस्थायाः अन्तः समन्वयं स्थापयितुं भविष्यस्य रणनीतयः निमातुं च दत्तम् अस्ति। अस्य संगठनात्मकविस्तारस्य भागत्वेन सचिवस्तरस्य अपि अनेकाः नूतनाः ऊर्जावानाः च मुखाः अवसराः दत्ताः सन्ति।

## राशिफल

**मेष :** इंक्रम बढ़ाने और प्रमोशन पाने के लिए आपको पूरे लगन के साथ ऑफिस के टास्क कंप्लीट करने चाहिए।

**वृषभ :** आज के दिन करियर के नए अवसर आपके सामने आएंगे। आज आपको प्रशंसा मिल सकती है।

**मिथुन :** आज के दिन आप मनमुताबिक परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। तनाव से बचने के लिए सेल्फ केयर पर फोकस करें।

**कर्क :** आज के दिन आपकी फाइनेंशियल सिचूऐशन मजबूत बनी रहेगी। आज आपकी हेल्थ अच्छा रहेगी।

**सिंह :** आज के दिन आप अपनी काबिलियत साबित करने के लिए हर प्रोफेशनल मौके का इस्तेमाल करेंगे।

**कन्या :** एक खुशहाल पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ का आनंद लें। ऑफिस में अपने सीनियर्स को अपनी परफॉर्मेंस से खुश रखें।

**तुला :** आज के दिन अपने रिलेशन में पार्टनर के साथ असहमति को सुलझाएं और बेहतरीन प्रोफेशनल नतीजे देते रहें।

**वृश्चिक :** आज के दिन नौकरी में जरूरी काम हाथ में लें। रिलेशनशिप में अपने पार्टनर के साथ समय बिताना जारी रखें।

**धनु :** आज के दिन रोमांस से जुड़े मामलों को संभालें। ऑफिस में आज के दिन नई जिम्मेदारियां लें।

**मकर :** आज के दिन ऑफिस में आपका रवैया बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के दिन धन की कमी नहीं रहेगी।

**कुंभ :** आज के दिन रोमांस से जुड़े मामलों को संभालें। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां लें। फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट में सावधान रहें।

**मीन :** ईमानदारी का आपके रोमांटिक रिश्ते पर गहरा असर पड़ेगा। चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र-चंद्रमा की युति से बनेगा वैभव लक्ष्मी राजयोग, इन तीन राशियों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

18 अप्रैल को शुक्र-चंद्रमा की युति से वैभव लक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा जिससे कुछ राशि वालों को इसका लाभ मिल सकता है।

ज्योतिष में कई तरह के शुभ योगों का निर्माण होता है, जिसमें एक वैभव लक्ष्मी राजयोग होता है। 18 अप्रैल को चंद्रमा और शुक्र की युति होगी जिससे वैभव लक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। ज्योतिष में शुक्र ग्रह को भौतिक सुख-सुविधा, धन, भोगविलासिता, प्रेम और आकर्षण आदि का कारक ग्रह माना जाता है। वहीं चंद्रमा को मन का कारक माना जाता है। आपको बता दें कि 26 मार्च को शुक्र मेष राशि में गोचर करें और 18 अप्रैल को चंद्रमा भी मेष राशि में आ जाएंगे जिसके



चलते मेष राशि मे चंद्रमा- शुक्र की युति बनेगी। ज्योतिष में वैभव लक्ष्मी राजयोग को बहुत ही शुभ फल देने वाला राजयोग कहा जाता है। वैभव लक्ष्मी राजयोग के प्रभाव के कारण धन लाभ के अवसरों में वृद्धि, आय के नए-नए स्त्रोतों में इज़ाफा, करियर-कारोबार में उन्नति, व्यापार में वृद्धि के योग बनते है। इस योग से सुखों में वृद्धि होती है। आइए जानते हैं वैभव लक्ष्मी राजयोग से किन राशियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए वैभव लक्ष्मी राजयोग बहुत ही शुभ और सकारात्मक साबित होगा। यह राजयोग आपकी राशि से पहले भाव में बनने जा रहा है। ऐसे में आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी जिससे कठिन कामों को बहुत ही आसानी के साथ हल करने में आपको कामयाबी मिलेगी। आर्थिक लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। करियर में बेहतर मौके मिलेंगे।

**सिंह राशि-** 18 अप्रैल को वैभव लक्ष्मी राजयोग बनने से सबसे ज्यादा फायदा सिंह राशि वालों को होगा। यह राजयोग आपकी राशि से भाग्य के स्थान पर बनेगा जिससे आपको किस्मत का जबरदस्त लाभ मिलेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जो लोग सरकारी क्षेत्र में नौकरी की तलाश में हैं उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए वैभव लक्ष्मी राजयोग बहुत ही लाभकारी साबित सिद्ध हो सकता है। यह राजयोग आपकी कुंडली के करियर और कर्म भाव में बनने वाला है। ऐसे में आपको करियर-कारोबार में तरक्की के अवसरों में वृद्धि हो सकती है। धन लाभ के अवसरों में अच्छा खासा इजाफा देखने को मिल सकता है। बिजनेस मे आपकी किसी के साथ कोई अच्छी डील हो सकती है। भौतिक सुख-सुविधाओं में इजाफा देखने को मिल सकता है।

## खबर एक नजर...

### हत्या या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज



**उज्जैन।** तराना के ग्राम शंकरगढ़ कनार्दी से मंगलवार शाम नेहा पति अर्जुन गौड 20 साल को परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नेहा द्वारा जहरीला पदार्थ खाना बताया गया था। रात में नेहा की मौत हो गई। निजी अस्पताल से मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान नेहा के मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया, उनका कहना था कि नेहा के साथ मारपीट की गई और जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। मामले को लेकर एसआई वर्षा सोलंकी ने बताया कि घटनाक्रम तराना थाना क्षेत्र का है, फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने से मौत होना सामने आया रहा है। मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी। फिलहाल शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतका के परिजन आरोप प्रत्यारोप कर रहे थे। वहीं मामले में तराना थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया का कहना था कि मामला नवविवाहिता से जुड़ा है। मृतका नेहा आगर जिले की रहने वाली है। मर्ग डायरी मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण भी स्पष्ट हो जायेगा।

### अवैध मदिरा का सौदा कर आबकारी टीम ने मारी दबिश

**उज्जैन।** काल भैरव मंदिर के पास आसपास फूल-प्रसाद की दुकान लगाने वाले 2 युवकों द्वारा अवैध शराब बेचे जाने की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा टीम गठित की गई। वृत प्रभारी अधिकारी हिमांशु अग्रवाल काल भैरव मंदिर पहुंचे और अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ने के लिये टीम के सदस्यों को ग्राहक बनाकर 2 दुकानों पर भेजा। जहां से दुकानदार सुमित पिता सुनील अम्बोडिया और सुनील पिता राधेश्याम मालवीय द्वारा अपनी फूल प्रसाद की दुकान से देशी शराब की बोतल उपलब्ध कराई। अवैध शराब बेचने की पुष्टि होते ही दबिश दी गई और दोनों दुकानदारों के पास से 7.2 बल्क लीटर देशी शराब के क्वार्टर बरामद कर लिये। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) का प्रकरण दर्ज कर दर्ज विवेचना में लिया गया है।

### तलवार दिखाकर लोगों को धमकाने वाला बदमाश पकड़ाया

**उज्जैन।** बड़नगर कस्बे में नूरिया खाल के पास तलवार दिखाकर लोगों को धमका रहे बदमाश की खबर पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बदमाश की धरपकड़ के लिये प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, राहुलसिंह राठौर और आरक्षक नारायण सरा को रवाना किया। नूरिया खाल के पास उक्त बदमाश को पकड़ा गया और तलवार जप्त की गई। पूछताछ करने पर बदमाश का नाम बाबूलाल पिता भागीरथ हिंडोलिया 50 साल निवासी मालीसेरी बड़नगर सामने आया। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार पूर्व में भी बाबूलाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ मारपीट, गाली-गलौच के पांच मामले दर्ज है। बुधवार दोपहर बदमाश को कोर्ट में पेश किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 780-5 | 367-6 |
| मेन बाजार | 448-6 | 168-5 |
| मिलन डे | 117-9 | 900-9 |
| मिलन नाइट | 129-2 | 149-4 |

2 3 6

### हिरासत में पति, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला राज

# गला घोंटकर फंदे पर लटकाया था पत्नी का शव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दुपट्टे के फंदे पर लटकी मिली महिला की मौत का मामला हत्या का सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पति को हिरासत में लिया गया है। जिसके खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर पूछताछ की जा रही है। आज कोर्ट में पेश किया जायेगा।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोकनगर में 15 मार्च को बाथरूम में निर्मला पति मायापुरी का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची थी, जहां पति ने बताया था कि सालभर पहले प्रेम विवाह किया था। निर्मला अनुसूचित जाति वर्ग की थी और वह पिछड़ा वर्ग का है। हम दोनों का अंतरजातिय विवाह था।



निर्मला गुना चलकर दस्तावेज बनवाना चाहती थी। उसने काम की वजह से गुना जाने से मना कर दिया था। जिसके चलते नाराज होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। पति ने अंतिम संस्कार कर दिया था। 23 दिन बाद पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली तो हैरत में पड़ गई। निर्मला की मौत फांसी लगाने से नहीं हुई थी। उसका गला दबाकर मारा गया था, उसके बाद फंदे पर लटका गया था। पुलिस ने मंगलवार रात मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया। बुधवार को पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई तो सामने आया कि उसने विवाद होने पर गला दबाकर मारा था। उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिये बाथरूम में दुपट्टे के फंदे से लटका दिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि आरोपित पति से पूछताछ की जा रही है। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

#### मृतिका सात माह की थी गर्भवती

पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया था कि निर्मला सात माह की गर्भवती थी। उसकी मौत के साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हुई है। इस संबंध में आरोपित पति से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह संतान नहीं चाहता था, लेकिन निर्मला संतान चाहती थी जिसको लेकर विवाद हुआ था। वह आशीर्वाद गार्डन में केटरिंग का और चौकीदारी का काम करता है। गर्भवती होने के बाद से उनके बीच विवाद होने लगा था।

#### गुना की रहने वाली थी मृतिका

घटनाक्रम सामने आने के बाद पति मायापुरी ने पुलिस को बताया था कि उसने प्रेम विवाह किया था, निर्मला सुसनेर की रहने वाली है। उसके माता-पिता की जानकारी नहीं है। जबकि पुलिस जांच में सामने आया कि निर्मला गुना कर रहने वाली थी। जांच में आये तथ्यों के आधार पर उसके परिजनों को भी सूचना दी गई थी।

## हिरासत में न्यूरोसर्जन से 35 लाख ठगने वाला धोखेबाज



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रार्प्टी में इंवेस्ट करने और कुछ दिनों में ही लाखों का मुनाफा होने का झांसा देकर न्यूरोसर्जन से 35 लाख ठगने वाला बुधवार को पुलिस की हिरासत में आ गया।

संत कबीर नगर में रहने वाले न्यूरोसर्जन डॉ. रूपेश पिता प्रेमनारायण खत्री ने 10 मार्च को अपने साथ 35 लाख की धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए लेनदेन के चलते मामले में कमलेश कोचट्टा निवासी मित्रनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। 29 दिन बाद पुलिस ने बुधवार को धोखाधड़ी करने वाले कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि डॉ. खत्री ने शिकायत में बताया था कि 10 अक्टूबर 2024 को उनका संपर्क कमलेश कोचट्टा से हुआ था। कमलेश प्रार्प्टी संबंधित काम करता है। उसने मित्रनगर में 15 सौ स्क्वायर फीट का मकान 35 लाख का होना बताया और कहा कि इंवेस्ट करना फायदे का सौदा होगा। कुछ दिनों में 10 लाख तक का मुनाफा दिलवा देगा। उसकी बातों में आकर नीलगंगा क्षेत्र में 20 लाख और कमलेश के घर पहुंचकर 15 लाख रुपए दिये गये। कई माह गुजरने पर भी ना मुनाफ मिला ना ही खरीदे गये मकान की रजिस्ट्री कमलेश ने कराई। रुपए लौटाने को कहा तो 10-10 लाख के चैक दिये, जो बाउंस हो गये। पता करने पर सामने आया कि कमलेश ने उक्त मकान की रजिस्ट्री अपने नाम कराकर धोखाधड़ी की है।

## कलेक्ट्रेट में पदस्थ इलेक्ट्रिशन से मारपीट करने वाले गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत वृद्ध के साथ रविवार को घर आकर मारपीट करने वाले 2 नाबालिगों सहित 2 युवक बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गये। 2 आरोपित युवकों को पुलिस घटना की तस्दीक के लिये विवादित स्थल लेकर पहुंची।



महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक इलेक्ट्रिशियन मोहम्मद अशफाक 60 साल निवासी सारवान की मस्जिद के साथ पुराने विवाद में अब्दुल समी पिता अब्दुल शहजाद निवासी नलियाबाखल हाल मुकाम विराटनगर और नासिर पिता मोहम्मद निसार पठान निवासी नलियाबाखल ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में धारा 115 (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। घटनास्थल पर विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। वृद्ध इलेक्ट्रिशियन के साथ मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी के लिये प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार, आरक्षक पवन पंवार की टीम बनाई गई। तीन दिनों की तलाश के बाद बुधवार को 2 नाबालिगों के साथ अब्दुल समी और नासिर पठान का गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पुराने विवाद में मारपीट और धमकाने की बात दोनों ने कबूल की। दोपहर में पुलिस दोनों को घटनास्थल लेकर पहुंची, जहां मामले की तस्दीक कराई, इस दौरान दोनों ने आगे से विवाद नहीं करने बात कहीं, तस्दीक के बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। एसआई झाला के अनुसार पूर्व में विवाद होने का मामला पुलिस ने दर्ज किया था।

### 72 घंटे बाद गिरफ्त में आया हत्या का आरोपी

# झाड़ियों में चाकू फेंक महाराष्ट्र भाग निकला था बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ढांचा भवन उद्योगपुरी में युवक की सीने पर चाकू मारकर हत्या करने वाले बदमाश को बुधवार सुबह 72 घंटे बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्या करने के बाद बदमाश महाराष्ट्र भाग निकला था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उद्योगपुरी क्षेत्र की झाड़ियों से चाकू बरामद किया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की उद्योगपुरी में 5 अप्रैल की शाम केवल उर्फ केके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव 35 साल निवासी ढांचाभवन की बदमाश शेखर उर्फ टंटा पिता नाथुसिंह वर्मा निवासी



रतन एवेन्यू ने सीने पर चाकू मार हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में मृतक को अस्पताल लेकर जाने वाले योगेश गुर्जर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। घटनाक्रम पुराने विवाद में होना सामने आया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने हत्या करने वाले बदमाश की गिरफ्तारी के लिये एसआई राजाराम चौहान, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, सुनील, अर्जुन और धर्मेन्द्र की टीम बनाई थी। बदमाश की लगातार तलाश जारी थी। बुधवार को खबर मिली कि बदमाश अपने घर आया हुआ है। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि आरोपी से पूछताछ करने पर सामने आया कि वह हत्या के बाद महाराष्ट्र भाग गया था। उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू के संबंध में जानकारी जुटाई तो उसने उद्योगपुरी क्षेत्र की झाड़ियों में फेंकना कबूल किया। पुलिस उसे उद्योगपुरी क्षेत्र लेकर पहुंची, जहां से उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में पड़ा चाकू बरामद कर लिया गया। दोपहर बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बदमाश शेखर के खिलाफ पूर्व में भी 18 अपराध दर्ज है। मृतक केवल उसका साथी था, उस पर भी 10 अपराधिक मामले दर्ज थे। दोनों के बीच शराब पीने के बाद विवाद हुआ था। जिसके चलते नशे में शेखर ने सीने में चाकू घोंप दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com